
तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 28.4 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

10 पुलिस की जांच में मोबाइल से जुटाए जाएंगे सुबूत

12 पुराने ट्रांसफार्मरों में तापमान 70 डिग्री कूलिंग के लिए कूलरों...


मौसम विभाग की एडवाइजरी में दोपहर 12 से 3 काम नहीं लेने दिए गए हैं निर्देश

# उबलते रहिए... मौसम विभाग की एडवाइजरी कूड़ेदान में, ना पानी का बंदोबस्त, ना बदला मजदूरी का समय



**आज तक आदेश नहीं**

हरिभूमि ने जब मौसम विभाग की एडवाइजरी की पड़ताल की तो मालूम चला कि श्रमिकों के लिए आज तक ऐसा कोई आदेश समय को लेकर जारी नहीं किया गया है। ग्रीष्म लहर के दौरान भी उनके काम का समय यथावत ही रहता है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा देर-सवेर छात्रों को छुट्टी दे दी जाती है, लेकिन मजदूरों की पीड़ा कम करने कोई प्रयास किसी भी स्तर पर नहीं हो रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

लू से लोगों को बचाने मौसम विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइरी को कूड़ेदान में डाल दिया गया है। किसी भी विभाग द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग छात्रों की सुध लेना भूल चुका है तो वहीं श्रमिकों की भी परवाह एसी में बैठे अफसरों को नहीं है। राजधानी में पारा 44 डिग्री पर पहुंच गया है। राजधानी प्रदेश में सर्वाधिक गर्म है। मौसम विभाग द्वारा ग्रीष्म लहर अथवा लू की स्थिति में बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि कामगारों से दोपहर 12 से 3 बजे के मध्य काम नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि इस दौरान धूप सर्वाधिक तेज होती है।

इसके स्थान पर कामगारों को सुबह के वक्त जल्दी बुलाया जा सकता है अथवा शाम के समय कार्य के घंटे बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन मौसम विभाग की एडवाइजरी के विपरित वस्तुस्थिति पूरी तरह से विपरित मिली। मजदूर कड़ी दोपहरी में पसीना बहाते हुए नजर आए। एडवाइजरी में मजूदरों के लिए ओआरएस, छाछ जैसी सुविधाएं भी वर्क साइट पर उपलब्ध कराने कहा गया है। परंतु उनके लिए पीने का ठंडा पानी भी उपलब्ध नहीं है। मजदूर अपने घरों से ही इसकी व्यवस्था करके आते हैं।



**केस 1**

रविवि के समीप जेई रोड से सटकर ही एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है। आगे रोजी ना मिलने के डर से मजदूरों ने अपनी समस्याएं तो साझा की, लेकिन नाम उजागर नहीं किया। वहीं ठेकेदार भी चुप्पी साधे रहे। कड़ी दोपहरी में पसीना बहाते मजदूरों ने कहा कि सुबह के समय और दोपहर 3 बजे के बाद अधिक दिक्कत नहीं होती है, लेकिन 12 बजे के आस-पास के समय में काम करना मुश्किल हो जाता है। पसीने से कपड़े भींग जाते हैं। हर घंटे एक बोतल तक पानी पी जाते हैं। रोजी जरूरी है, इसलिए कभी समय का विरोध नहीं किया।

**केस 2**

कोटा के आवासीय क्षेत्र में एक गृह निर्माण के कार्य में लगे दो मजदूरों ने बताया कि वे गोकुल नगर और छोटे रामनगर से आए हैं। उन्होंने बताया कि उनके काम करने का समय सुबह 9.30 से शाम 5.30 तक है। दोपहर 1 से 2 बजे के बीच उन्हें खाना खाने के लिए छुट्टी मिलती है। पसीने से लथपथ मजूदरों ने कहा कि गर्मी में परेशानी तो होती है, लेकिन पेट भरना भी जरूरी है।

**केस 3**

भाठागांव में बड़े पैमाने पर आवासीय मकान निर्मित हो रहे हैं। यहां भी कड़ी धूप में काम करते हुए थोक में मजदूर मिले। काम के दौरान उनके लिए किसी तरह की छांव की व्यवस्था नहीं थी। भोजन भी वे पेड़ की छांव में करते हुए दिखे। यही स्थिति अमलीडीह के कुछ क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्य में दिखी।

- कामगारों को ओआरएस, ठंडा पानी उपलब्ध कराने जैसे निर्देश लेकिन इनका पालन नहीं

**सेहत-सुरक्षा विभाग के अधीन**

मजदूरी के लिए समय संबंधित इस तरह के आदेश जारी करना सेहत और सुरक्षा विभाग के अधीन आता है। यह हमारे क्षेत्राधिकार में नहीं है।

- **एके प्रधान,** उपायुक्त, श्रम विभाग

**सुविधानुसार तय करते हैं मजूदर**

मनरेगा के अंतर्गत अभी इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। मनरेगा के अंतर्गत 9 घंटे कार्य करना होता है। मजदूर इसे अपनी सुविधानुसार तय करते हैं।

- **रोशनी तिवारी,** सहायक विकास अधिकारी, मनरेगा

## अप्रैल की पहली भारी गर्मी, राजधानी समेत कई इलाकों में लू, चार दिन का अलर्ट

उत्तर और पश्चिम दिशा से आने वाली शुष्क और गर्म हवा ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल की पहली भारी गर्मी सोमवार को प्रदेश के उत्तर तथा मध्य इलाके में महसूस की गई। दोनों हिस्सों में बेहद गर्मी की वजह से लू की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग द्वारा अगले चार दिनों तक ग्रीष्म लहर की स्थिति बनी रहने का अलर्ट जारी किया गया है।

- उत्तर-पश्चिम की शुष्क हवा का असर, शहर में 44.2 का रिकार्ड
- उत्तर और मध्य में गर्मी का प्रकोप, राहत की गुंजाइश फिलहाल नहीं

अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद रायपुर समेत प्रदेश का पारा इतनी तेजी से ऊपर नहीं चढ़ा था। आसमान साफ होने के बाद पिछले तीन दिनों से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया और अप्रैल में सोमवार की गर्मी ने पिछले दिनों दर्ज सारे तापमान को पीछे छोड़ दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी अभी कम होने वाली नहीं है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

**दोपहर की गर्मी खतरनाक**

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। खासकर दोपहर एक से तीन बजे के बीच गर्मी ज्यादा प्रभावित कर सकती है। इस दौरान तापमान अपने चरम स्थिति में रहता है। सोमवार को शहर में कुछ ऐसे ही हालात बने रहे और दोपहर के वक्त सड़कों पर आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में कम हो गई। गर्मी इस कदर बढ़ी हुई है कि कूलर पंखे राहत नहीं दे पा रहे हैं और एसी का टेप्रेंचर 20 से 25 के बीच पहुंच गया है।

**रायपुर में पिछले दस साल में अप्रैल की गर्मी**

| | |
|---|---|
| 21 अप्रैल 2015 | 42.0 |
| 22 अप्रैल 2016 | 44.0 |
| 20 अप्रैल 2017 | 44.2 |
| 21 अप्रैल 2018 | 41.8 |
| 28 अप्रैल 2019 | 44.2 |
| 18 अप्रैल 2020 | 40.7 |
| 30 अप्रैल 2021 | 42.4 |
| 29 अप्रैल 2022 | 44.1 |
| 19 अप्रैल 2023 | 43.2 |
| 19 अप्रैल 2024 | 42.8 |
| 21 अप्रैल 2025 | 43.7 अब तक |

**खबर संक्षेप**

**चरित्र संदेह, पत्नी की हत्या**

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह में चरित्र शंका के कारण एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। चंद्राकर मोहल्ला निवासी मथुरा बाई साहू की उसके पति भुवनेश्वर ने चाकू मारकर हत्या की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दोपहर करीब एक से डेढ़ बजे के बीच मथुरा का अपना पति के साथ विवाद हुआ। इस दौरान भुवनेश्वर अपनी पत्नी से उसके चरित्र को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर भुवनेश्वर ने सब्जी काटने वाले चाकू से अपनी पत्नी पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

**रंजिश के कारण मारपीट**

**रायपुर।** टिकरपारा थाना में एक युवक ने दो लड़के तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के कारण मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपुरैना निवासी विकाश मसीह ने दीपक, रोशन तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विकाश ने पुलिस को बताया है कि दीपक तथा उसके साथियों ने आपसी रंजिश के चलते उसका रास्ता रोक उसके साथ मारपीट की।

## पेट्रोल, डीजल चोर गिरफ्तार, टैंकर चालकों से थी सांठ-गांठ, 25 हजार लीटर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने ऑयल डिपो से निकले टैंकर चालकों से साठ-गांठ कर पेट्रोल, डीजल, एथेनाल चोरी कर बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रविवार देर रात पुलिस ने 21 लाख 36 हजार रुपए कीमत का 25 हजार लीटर से ज्यादा ऑयल जब्त किया है। ऑयल सप्लाई करने में इस्तेमाल चार चारपहिया वाहन पुलिस ने जब्त किया है। ऑयल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, एक अन्य फरार है।

नवा रायपुर एएसपी विवेक शुक्ला के अनुसार पेट्रोल, डीजल चोरी कर बेचने के आरोप में मंदिर हसौद निवासी अमरेश साव, सुब्रजीत मुदुली, दीप्ति रंजन, राहुल यादव को गिरफ्तार किया गया है। गोलू उर्फ नोहर रात्रे फरार है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी लंबे अरसे से क्षेत्र में सक्रिय रहकर ऑयल डिपो से पेट्रोल, डीजल परिवहन करने वाले टैंकर चालकों से साठ-गांठ कर पेट्रोल, डीजल चोरी कर बेचने का काम कर रहे थे।

▶▶|शेष पेज 11 पर

**निर्माण कार्य से जुड़े वाहन चालकों को पेट्रोल, डीजल देकर खपाते थे**



**सील खोलने रखे थे औजार**

ऑटल डिपो से लोड होकर जो टैंकर निकलता था, उन टैंकरों में ऑयल भरने के बाद सील लगाया जाता है, जिससे ड्राइवर बदमाशी कर ऑयल में किसी तरह से गड़बड़ी न कर पाए। इसके लिए पेट्रोल, डीजल चोरी करने वाले गैंग के सदस्य सील खोलने अलग से औजार रखे होते थे। अपने औजार से सफाई के साथ सील खोल कर ऑयल चोरी करने के बाद पुनः टैंकर में सील लगा देते थे।

**ढाबा की आड़ में बेचता था ऑयल**

पुलिस गिरफ्त में आया राहुल यादव मंदिर हसौद मेन रोड में एक छोटा सा ढाबा संचालित करता है। ढाबे के पीछे अपनी खाली जगह में राहुल ड्रम में डीजल भरकर रखता था। राहुल के ढाबा में ऐसे ट्रक, ट्रैक्टर ड्राइवर आते थे, जो राहुल से चोरी का डीजल, पट्रोल खरीदते थे।

आने वाले दिनों में बढ़ेगी यात्रियों की संख्या

*महानगरों के जरिये शुरू हो रही छुट्टियों की यात्रा*

## छुट्टियों में हिल स्टेशनों की उड़ान हफ्तेभर में 46 हजार की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए प्रदेश के लोग हिल स्टेशनों की ओर जाने लगे हैं। इसके साथ दूर देशों में घूमने का प्रोग्राम बनाने वाले भी टिकटों की बुकिंग करवा रहे हैं। रायपुर से विदेश यात्रा और ठंडे प्रदेशों के लिए सीधी फ्लाइट की सुविधा नहीं होने की वजह से छुट्टियों की यात्रा महानगरों तक जाने के बाद शुरू होगी। अभी रायपुर विमानतल से आवाजाही करने वाले ▶▶|शेष पेज 11 पर

**बुक हो रहा टिकट**

हर साल की तरह इस बार गर्मी की छुट्टियों के हिसाब से ठंडे राज्यों की ओर जाने वाले यात्री टिकटों की बुकिंग करवा रहे हैं। इसके साथ ही विदेशों के टिकट की भी डिमांड है।

- **रमन जादवानी,** संचालक, अजय ट्रैवल्स एवं अध्यक्ष ट्रैवल्स एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया



**हवाई फेयर अभी सामान्य :** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट का फेयर सामान्य स्थिति में है।चौबीस घंटे पहले टिकट बुक कराने पर भी यात्रियों को ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने पड़ रहे हैं। ऑनलाइन साइट के मुताबिक दिल्ली का टिकट 11 हजार, मुंबई का 9 हजार, गोवा का 6 हजार, इंदौर का 7 हजार में मिल रहा है। केवल कोलकाता का हवाई किराया ही 12-13 हजार तक पहुंच रहा है।

**यहां के यात्री**

ट्रैवल्स संचालकों के मुताबिक छत्तीसगढ़ से गर्मी के दिनों में काफी संख्या में लोग कश्मीर, दार्जिलिंग, शिमला, मनाली केरल, गोवा, ऋषिकेश जैसे शहरों में छुट्टियां मनाने जा रहे हैं। इसके साथ दूर देशों की यात्रा करने वाले जार्जिया, यूरोप, सिवट्जरलैंड, थाईलैंड, मालदीव की यात्रा कर रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक छुट्टियां बिताने बाहर जाने वाले वर्ग विशेष के लोग होते है और उनकी संख्या लगभग तय होती है।



# औद्योगिक भूमि एवं भवन के नियम बदले, अब पट्टे की जमीन नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। अब औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है। इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

अलग खबर

## कारखानों के पास मजदूरों के मकान भी बनेंगे

### संशोधन से होगा ये लाभ

15 प्रतिशत भूमि के नियमितीकरण की अनुमति से उद्यमी अपनी इकाइयों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बना सकेंगे। इससे उत्पादकता और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा शुरू होने से श्रमिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा। यह उनकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। अनुकूल नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। यह विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्यमों के लिए लाभकारी होगा। श्रमिक आवास और औद्योगिक विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा से शहरी क्षेत्रों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा, क्योंकि श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्रों में ही रहने का विकल्प मिलेगा।

### औद्योगिक श्रमिक आवास निर्माण की अनुमति

संशोधन का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए आवास निर्माण की अनुमति है। यह कदम न केवल श्रमिकों को बेहतर रहन-सहन की सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की उपलब्धता को भी बढ़ाएगा। इससे श्रमिकों को कार्यस्थल के नजदीक रहने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी यात्रा लागत और समय की बचत होगी।

### पहले था ये नियम, थी परेशानी

गौरतलब है कि पहले औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई भूमि का उपयोग केवल विशिष्ट औद्योगिक गतिविधियों के लिए करना होता था। गैर-औद्योगिक उपयोग, जैसे कार्यालय भवन या कर्मचारी सुविधाओं के लिए, अनुमति लेना जटिल और समय लेने वाला था। नए नियम के तहत, 15 प्रतिशत भूमि को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के नियमित करने की अनुमति दी गई है। यह उद्यमियों को परिचालन लागत कम करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा। उदाहरण के लिए, एक इकाई अब इस 15 प्रतिशत भूमि पर कर्मचारी कल्याण केंद्र, प्रशिक्षण सुविधा, या गोदाम बना सकती है।

### पट्टे पर दी गई भूमि का 15 प्रतिशत नियमितीकरण

औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई कुल भूमि का 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-औद्योगिक गतिविधियों, जैसे प्रशासनिक भवन, कैंटीन, या अन्य सुविधाओं के लिए नियमित करने की अनुमति दी गई है। पहले यह सीमा सख्त थी, जिसके कारण कई इकाइयों को परिचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस छूट से उद्यमी अपनी इकाइयों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए लचीले ढंग से भूमि का उपयोग कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय कल मुंबई जाएंगे



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 23 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर मुंबई जाएंगे। मुंबई में टैक्सटाइल पर एक एमओयू कार्यक्रम में 23 अप्रैल को शामिल होंगे। दूसरे दिन इंडिया स्टील के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौटेंगे। बताया गया है कि मुबंई में सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय स्टील कार्यक्रम इंडिया स्टील-2025 का आयोजन 24 से 26 अप्रैल के बीच मुंबई के बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे। बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को देश के प्रमुख इस्पात उद्योग समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति रहेगी।

### आरडीए में आकाश छिकारा ने संभाला सीईओ का कार्यभार



रायपुर। राज्य शासन के आदेश के बाद सोमवार को आकाश छिकारा ने रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी श्री छिकारा की मूल पदस्थापना उप सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग में की गई है। वे इससे पूर्व जांजगीर चांपा के कलेक्टर रहे हैं। प्राधिकरण के प्रभारी सीईओ कुंदन कुमार का तबादला मुंगेली कलेक्टर के पद हो गया है। वे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त और रायपुर विकास प्राधकिरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार पर रहे।

### निगम कर्मचारी ही वसूलेंगे टैक्स, महापौर ने कर्मचारी एकता संघ को किया आश्वस्त



रायपुर। रायपुर नगर निगम में राजस्व वसूली निजी एजेंसी के माध्यम से कराये जाने का अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। नगर निगम के कर्मचारी लोगों से टैक्स वसूलेंगे। महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के प्रतिनिधिमंडल से ये बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव के साथ मिलकर निगम में चल रही चर्चा अनुरूप ज्ञापन सौंपते हुए अपनी बात रखी। महापौर मीनल चौबे से महात्मा गांधी सदन में नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर 6 सूत्रीय मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। चर्चा के दौरान महापौर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली के अलावा अन्य कार्यों में डयूटी पर न लगाया जाए।

# पुलिस की जांच में मोबाइल से जुटाए जाएंगे सुबूत

सरकार ने बनाया ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सलाह से बना है नियम
- 19 अप्रैल से प्रदेश में लागू हो गया है प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अपराधों की जांच करने वाले पुलिस अधिकारी जब मौका-ए-वारदात पर जांच के लिए जाएंगे, तो वे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से सुबूत (साक्ष्य) जुटाएंगे। वे अपने मोबाइल से वीडियो बनाएंगे, तस्वीरें लेंगे और गवाहों की वहीं फोटो भी ले लेंगे।

यह कवायद ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन से होगी। यही नहीं, इसी एप्लिकेशन से एक प्रमाणपत्र भी तैयार होगा, जिस पर जांच कर्ता पुलिस अधिकारी का ई-हस्ताक्षर होगा। बाद में यह सारे सुबूत अदालत में पेश किए जाएंगे। खास बात ये है कि यह नियम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से परामर्श के बाद बनाया गया है। यह दो दिन पहले यानी 19 अप्रैल से लागू भी हो गया है।

### यह है ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाए हैं। इस संहिता के साथ-साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने डिजिटल साक्ष्यों को कानूनी मान्यता प्रदान की है। इसी कड़ी में, केंद्र सरकार ने पुलिस जांच को पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है। यह एप्लीकेशन आपराधिक जांच में डिजिटल साक्ष्यों के संग्रह, प्रबंधन और प्रस्तुति को सुगम बनाता है, जिससे पुलिस की मनमानी पर अंकुश भी लगाता है।



### छत्तीसगढ़ सरकार ने बनाया नियम

इस संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस के गृह विभाग ने ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम 2025 बनाया है। खास बात ये है कि यह नियम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से परामर्श के बाद बनाया गया है। यह दो दिन पहले यानी 19 अप्रैल से लागू भी हो गया है। इस नियम के तहत प्रावधान है कि प्रत्येक जांच अधिकारी ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भारतीय साक्ष्य अधिनियम के माध्यम से संहिता की धारा 105, 173, 176, 180,185, और 497 के अधीन अपेक्षित किए गए अनुसार से सभी वीडियो और फोटो साक्ष्य रिकार्ड करेगा। इस तरह रिकार्ड हुए सभी साक्ष्य घटना का एक सुरक्षित पैकेट जिसे ई-साक्ष्य पैकेट बनाया जाएगा। जिसमें एसआईडी नामक एक अद्वितीय आईडी खोलने, बंद करने का समय और भौगोलिक स्थान के साथ एक अद्वितीय 16 नंबरों की आईडी होगी। यह साक्ष्य अपरिवर्तनीय भंडारण में संग्रहित किया जाएगा।

### ऐसे काम करता है ये सिस्टम

ई-साक्ष्य एप्लिकेशन पुलिस अधिकारियों को संज्ञेय अपराधों से संबंधित साक्ष्यों को डिजिटल रूप में दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है। यह एप्लिकेशन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने और जांच प्रक्रिया को ऑनलाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी प्रमुख विशेषताएं है कि यह एप्लीकेशन के माध्यम से पुलिस वीडियो, फोटो, ऑडियो, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड जैसे ईमेल, टेक्स्ट मैसेज, और लोकेशन डेटा को सुरक्षित रूप से अपलोड कर सकती है। साक्ष्यों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्रमाण-पत्र का उपयोग किया जाता है, जिससे छेड़छाड़ की संभावना कम होती है। यह जांच अधिकारियों को साक्ष्यों को तुरंत अपलोड करने और संबंधित पक्षों के साथ साझा करने की अनुमति देता है। यानी रियल टाइम अपडेट भी करता है।

# चंद्राकर ने कहा- कांग्रेस को जिंदा दिखने की कोशिश करनी पड़ रही है

भूपेश बोले- पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी हैं अजय



मुख्यमंत्री निवास घेराव को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी में कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री निवास के घेराव को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, यह प्रदर्शन उसके जिंदा रहने की कोशिश है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्राकर को दूध में पड़ी मक्खी करार देते हुए करारा जवाब दिया।

### कांग्रेस कर रही राजनीतिक नौटंकी : चंद्राकर

भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के प्रदर्शन को सिरे से खारिज करते हुए कहा, कांग्रेस को जिंदा दिखने की कोशिश करनी पड़ रही है, यह सब उसी का हिस्सा है। विपक्ष में रहते हुए दिखावा जरूरी होता है, मेरी सहानुभूति है। उन्होंने यह भी कहा, कांग्रेस के शीर्ष नेता प्रदर्शन से गायब रहे। भूपेश बघेल के भुवनेश्वर दौरे का उल्लेख करते हुए चंद्राकर ने कहा, परिवारवादी दलों में नेता केवल एक होता है, बाकी केवल अनुयायी। चंद्राकर ने 'संविधान बचाओ' अभियान पर भी कांग्रेस को घेरा और सवाल किया, आपातकाल किसने लगाया? संविधान में सबसे ज्यादा संशोधन किसने किए? और अब अचानक आंबेडकर प्रेम क्यों उमड़ा?

### पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी बन गए हैं चंद्राकर : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, चंद्राकर पार्टी में दूध में पड़ी मक्खी की तरह हैं। वे मंत्रिमंडल विस्तार की आस लगाए बैठे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें किनारे कर दिया है। पहले अपने घर को देखें, फिर कांग्रेस पर बोलें। उन्होंने कांग्रेस के प्रदर्शन को जनहित में बताया और कहा, प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है। भाजपा के अपने विधायक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। सरकार खुद मान रही है कि हालात उनके नियंत्रण में नहीं हैं। ऐसे में कांग्रेस का यह विरोध पूरी तरह जायज़ और जनता के हक में है।

# वित्त का निर्देश सभी विभाग समय पर करें बिजली बिल का भुगतान, लेकिन विभागों पर ही 357 करोड़ का बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने हाल ही में प्रदेश के सभी विभागों को बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए प्रावधानों से संबंधित व्यय के बारे में दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस निर्देश में कहा गया है कि शासकीय कार्यालयों के विद्युत देयक समय पर भुगतान नहीं किए जाने से एरियर्स के रूप में बड़ी राशि भुगतान के लिए लंबित हो जाती है, यह स्थिति उचित नहीं है। दूसरी ओर सरकार की ही एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य शासन के विभिन्न विभागों पर 357.88 करोड़ रुपए है।

### अरबों रुपयों का है बिल बकाया

एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अरबों रुपए का बिजली बिल विभिन्न संस्थानों पर बकाया है। वर्ष 2023-24 की स्थिति में राज्य सरकार पर 357.88 करोड़, सहित पिछले चार साल का बकाया मिलाएं तो यह राशि 1407 करोड़ रुपयों से अधिक होती है।

### वित्त ने दिया है ये निर्देश

वित्त विभाग द्वारा सभी विभागों के बजट में बिजली बिल भुगतान के लिए प्रतिवर्ष आवश्यक प्रावधान किया जाता है, किन्तु यह देखने में आया है कि शासकीय कार्यालयो के विद्युत देयकों का समय पर भुगतान नहीं किये जाने से एरियर्स के रूप में बड़ी राशि भुगतान हेतु लबित हो जाती है। राज्य शासन की विद्युत वितरण कंपनी को समय पर राशि प्राप्त नहीं होने से उनका वित्तीय प्रबंधन प्रभावित होता है एवं राज्य शासन पर देयता निर्मित होती है। यह स्थिति उचित नही है। इसलिए विभागों द्वारा समस्त शासकीय कार्यालयों के विद्युत देयकों का समय पर भुगतान किया जाये तथा भुगतान में विलंब अथवा देयकों के लंबित होने की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये।

# जिले के बाद संभाग में भी नहीं मिले खाली पद, अनुकंपा नियुक्ति की 22 फाइलें अटकी

संभाग कमिश्नर कार्यालय से जिला प्रशासन को भेजी गई वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में किए गए बदलाव के कारण रायपुर जिले में कई लोग अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें नौकरी मिल नहीं पा रही है। कोविड काल के बाद से रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों से अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी पाने के लिए 60 से ज्यादा आवेदन किए गए थे, जिनमें सबसे ज्यादा आवेदन रायपुर जिले के हैं।

रायपुर जिले के आवेदनों में 22 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पाई है, जिसके कारण उनकी फाइलें भी कमिश्नर संभाग कार्यालय से जिला प्रशासन को वापस भेज दी गई हैं। नियुक्ति नहीं मिलने का कारण आवेदकों द्वारा अपनी योग्यता के अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नौकरी मांगी गई थी, लेकिन इस पद पर संभाग स्तर पर कहीं पद रिक्त नहीं थे, जिसके कारण फाइलें वापस जिला प्रशासन को भेज दी गई हैं।



### तृतीय श्रेणी में 10 प्रतिशत अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान

तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में राज्य में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के नियमावली में संशोधन किया गया था। इसके तहत तृतीय श्रेणी में 10 प्रतिशत ही अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान किया है। इस नियम के कारण सहायक ग्रेड-3 के पदों पर रिक्त पद होने के बाद भी अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिले से अनुकंपा नियुक्ति के लिए जितने आवेदन आए हैं, उनमें ज्यादातर सहायक ग्रेड-3 पदों के लिए हैं। तृतीय श्रेणी में 10 प्रतिशत अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान होने के कारण बहुत कम लोगों को यह नौकरी मिल पाई है।

### क्या है नियम-प्रक्रिया

अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया के तहत किसी भी शासकीय पद में कार्यरत अगर किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्त होने से पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो जाती है, तो उसके आश्रित को उसकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उसी पद पर या उससे नीचे पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। इसके तहत सबसे पहले आवेदक को संबंधित विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन करता है। विभाग स्तर पर अगर नियुक्ति नहीं मिल पाता है, तो आवेदन को जिला प्रशासन को भेजा जाता है। इसके बाद कलेक्टर अपने स्तर पर जिले में अन्य विभाग में आवेदक की मांग के अनुसार पद खाली होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। जिले में अगर खाली पद नहीं रहता है तो अनुकंपा नियुक्ति की फाइल संभाग कमिश्नर कार्यालय को भेजा जाता है, जिसके बाद कमिश्नर द्वारा संभाग अंतर्गत सभी जिले में आवेदक की मांग अनुसार खाली पद होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है।

**सहायक ग्रेड-3 के पद रिक्त नहीं होने पर ग्रेड-4 के लिए करना होगा दोबारा आवेदन**

अनुकंपा नियुक्ति के नियम के तहत सहायक ग्रेड-3 के लिए अगर किसी ने आवेदन किया है और संबंधित पद रिक्त नहीं है तो आवेदक को सहायक ग्रेड से नीचे पद के लिए दोबारा आवेदन करना होगा। बताया गया है कि रायपुर जिले में अनुकंपा नियुक्ति की जो फाइलें कमिश्नर कार्यालय से प्रशासन को वापस भेजी गई हैं, उनमें आवेदकों ने सहायक ग्रेड-3 पद के लिए आवेदन किया था।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ महिलाओं ने दी सहभागिता



रायपुर। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री निवास घेराव के कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री निवास घेरने के लिए कूच किया। इसी कड़ी में सोमवार को इतनी तपती गर्मी में नगर निगम महात्मा गांधी सदन से रायपुर नगर निगम तक नेता प्रतिपक्ष अकाश तिवारी के साथ रायपुर शहर की सैकड़ों माता बहनों ने बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ अपनी सहभागिता दी।

# सीएमई बदलते ही फिर उठी बांड पोस्टिंग की विसंगति दूर करने की मांग, सौंपा गया ज्ञापन

रायपुर। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बदलते ही डाक्टरों की बांड पोस्टिंग की विसंगति दूर करने की मांग एक बार फिर उठने लगी है। छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन ने इस मामले में ज्ञापन सौंपा है। फेडरेशन का तर्क है कि स्वास्थ्य केंद्रों में पीजी डाक्टरों की योग्यता का उपयोग नहीं हो रहा है। इसी तरह बांड की अत्याधिक राशि उनके आगे की पढ़ाई के आड़े आ रही है। राज्य शासन द्वारा शनिवार को बड़ी संख्या में आईएएस अफसरों का तबादला किया था, इसमें चिकित्सा शिक्षा आयुक्त भी शामिल थीं। सोमवार को छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन ने नये अधिकारी का ध्यान अपनी पुरानी मांगों की तरफ आकृष्ट कराने के लिये ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने समस्याएं गिनाई हैं कि पीजी डाक्टरों की बांड पोस्टिंग प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की जा रही है, जहां मरीजों के उपचार की समुचित सुविधाएं मौजूद नहीं हैं। उन्हें चिकित्सा अधिकारियों की तरह ड्यूटी करनी पड़ रही है जो उनकी विशेषज्ञता का दुरुपयोग है इसलिए उनकी ड्यूटी मेडिकल कालेज या जिला अस्पताल में लगाई जाए। इसी तरह एमबीबीएस और पीजी डॉक्टरों को क्रमशः 25 और 50 लाख की बांड राशि जमा करनी होती है, जिसमें प्रॉपर्टी मार्डगेज की आवश्यकता होती है। यह निम्न और मध्यम वर्गीय छात्रों के लिए आर्थिक रूप से अत्यधिक बोझिल है। इसकी वजह से कई छात्र अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। इसलिए नियम में शिथिलता लाई जाए। साथ ही जनवरी 2025 में पीजी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कई डॉक्टर अभी तक बॉन्ड पोस्टिंग की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका और अनुभव दोनों प्रभावित हो रहे हैं उनके बांड पोस्टिंग का आर्डर जारी किया जाये।

■ पीजी डाक्टरों के हेल्थ सेंटरों से बांड पोस्टिंग खत्म करने की डिमांड


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 15.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवती प्रसाद जंघेल पिता/पति दशरथ जंघेल निवासी सरोरा की ग्राम पठारीडीह प.ह.नं. 30 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 100/1 रकबा 0.1800 हे.का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा./ तह./ 2025 आदेश दिनांक 26.03.2025 के परिपालन में दिनांक 28.04.2025 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 30 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 15.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नर्मदा बाई जंघेल पिता/पति भगवती प्रसाद निवासी पठारीडीह की ग्राम पठारीडीह प.ह.नं. 30 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 100/3 रकबा 0.1800 हे.का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा./ तह./ 2025 आदेश दिनांक 26.03.2025 के परिपालन में दिनांक 28.04.2025 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 30 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 221, को श्री मोहम्मद शरीफ पिता श्री मोहम्मद हनीफ एवं श्री सुनील सोनवानी पिता श्री मनीराम सोनवानी के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय लीजडीड की कार्यवाही पुर्ण नही किया गया है। वर्तमान श्री मोहम्मद शरीफ पिता श्री मोहम्मद हनीफ, निवासीः- गांधी चौक चूडी लाईन वार्ड क्रमांक 08 आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सुनील सोनवानी पिता श्री मनीराम सोनवानी, निवासीः-ग्राम अछोली पो. आ. भैसा थाना खरोरा तह. आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को हक त्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक 221, के हक त्याग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 21.04.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ऐनी सिंघानिया पिता सिदधार्थ सिंघानिया, प्रियांशु गर्ग पिता प्रेमचंद अग्रवाल, सुनील कुमार जिन्दल पिता हनुमान प्रसाद जिन्दल द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 324/6, 325/23 325/24, 325/25 रकबा क्रमशः 0.1586, 0.1790, 0.0470, 0.0800 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 11/04/2025 के परिपालन में दिनांक 24/04/2025 को समय 11 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16
सारागांव

**नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं नंदनी देवी, पत्नी शशिकान्त भारती, उम्र 46 वर्ष, जाति भारती, निवासी नगर पंचायत मारो, पोस्ट मारो, जिला बेमेतरा (छ.ग.) वर्तमान में अपने समस्त दस्तावेजों में नाम NANDINI DEVI के स्थान पर NANDNI DEVI दर्ज कराना चाहती हूँ।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम NANDNI DEVI दर्ज है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम NANDINI DEVI दर्ज है। NANDNI DEVI और NANDINI DEVI दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मैं अपने समस्त दस्तावेजों में नाम NANDINI DEVI को संशोधित कर NANDNI DEVI करवा रही हूँ।

इस परिवर्तन की जानकारी सार्वजनिक हित में दी जा रही है।

दिनांकः 18/04/2025 शपथकर्ता
नंदनी देवी

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़**

**// फर्द-ईशतहार //**

क्रमांक / 202405115600001/अ-27/2024-25
रायपुर, दिनांक 11/4/2025

ग्राम भाठागॉव, प.ह.नं. 60, तहसील व जिला रायपुर

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) संतोष सोनकर (2) पन्ना लाल सोनकर दोनो पिता पिताम्बर सोनकर' निवासी जोन 06 ऑफिस के सामने दुर्गा चौक के पास भाठागॉव तहसील व जिला रायपुर के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण एवं अनावेदक रेखलाल सोनकर पिता पिताम्बर सोनकर निवासी जोन 06 ऑफिस के सामने दुर्गा चौक के पास भाठागॉव तहसील व जिला रायपुर के संयुक्त रूप से ग्राम भाठागाँव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 373/30 शामिल 548/52, 592/48 रकबा 0.014 हे., 1381 रकबा 0.938 हे., 1387/2 रकबा 0.1500 हे., 1387/3 रकबा 0.393 हे., 1387/4 रकबा 0.111 हे., 1387/5 रकबा 0.121 हे., कुल खसरा नंबर 6 कुल रकबा 1.7270 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि को आवेदकगण एवं अनावेदक के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदकगण द्वारा निवेदन किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में हल्का पटवारी द्वारा फर्द बंटवारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उक्त भूमि में से पक्षकारों के हिस्से में निम्नानुसार भूमि प्राप्त होना प्रस्तावित किया है :-

**क्रमांक-1, पक्षकारों का नाम-** रेखलाल पिता पितांबर, खसरा नंबर- 373/30 का भाग रकबा (हे.) 0.0047, 1381 का भाग रकबा (हे.) 0.3126, खसरा नंबर- 1387/2 का भाग रकबा (हे.) 0.0500 खसरा नंबर- 1387/3 का भाग रकबा (हे.) 0.1310 खसरा नंबर- 1387/4 का भाग रकबा (हे.) 0.0370 खसरा नंबर- 1387/5 का भाग रकबा (हे.) 0.0403 कुल रकबा (हे.) 0.5756 लगान 1.42 **क्रमांक-2,** पक्षकारों का **नाम- संतोष पिता पीतांबर** खसरा नंबर- 373/30 का भाग रकबा (हे.) 0.0046 खसरा नंबर- 1381 का भाग रकबा (हे.) 0.3127 खसरा नंबर- 1387/2 का भाग रकबा (हे.) 0.0500 खसरा नंबर- 1387/3 का भाग रकबा (हे.) 0.1310 खसरा नंबर- 1387/4 का भाग रकबा (हे.) 0.0370 खसरा नंबर- 1387/5 का भाग रकबा (हे.) 0.0404 कुल रकबा (हे.) 0.5757, लगान 1.42 **क्रमांक-3,** पक्षकारों का **नाम- पन्ना लाल सोनकर पिता पीतांबर** खसरा नंबर- 373/30 का भाग रकबा (हे.) 0.0047 खसरा नंबर- 1381 का भाग रकबा (हे.) 0.3127 खसरा नंबर- 1387/2 का भाग रकबा (हे.) 0.0500 खसरा नंबर- 1387/3 का भाग रकबा (हे.) 0.1310 खसरा नंबर- 1387/4 का भाग रकबा (हे.) 0.0370 खसरा नंबर- 1387/5 का भाग रकबा (हे.) 0.0403 कुल रकबा (हे.) 0.5757, लगान 1.42

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 7/5/2025 को होगी ।

अतः उक्त उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दवा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/05/2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### गुखेरा स्कूल का स्थानीय परीक्षा परीणाम घोषित

**आरंग।** सोमवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं संकुल प्राचार्य रवि शर्मा के मार्गदर्शन एवं संकुल समन्वयक हरीश दीवान के प्रमाणीकरण के बाद शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा के स्थानीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, इस अवसर पर उपस्थित सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष रेखराज देवांगन एवं पंचगणों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें हमेशा सफलता की ओर अग्रसर होने की बधाई दी, इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी कई शैक्षिक नारे बुलंद किए, ज्ञात हो कि केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवी आठवीं के परिणाम आना अभी शेष है। इस अवसर पर उपसरपंच प्रतिनिधि घासीराम कुर्रे, पंचगण सनत कुमार बघेल, रोहित कुमार बघेल, कुशाल देवांगन, गोवर्धन करकेल, परसु रात्रे, राजेश रात्रे, प्रधान पाठकगण अरविंद वैष्णव, के.के. साहू, शिक्षक गण रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, नीता कन्नौजे, विमला चौहान, फातिमा जांगड़े, घनश्याम साहू, एमडीएम समूह से डिगेस्वरी यादव, बिसाहिन निषाद, सीमा यादव, चमेली बंजारे व पालकगणों की उपस्थिति रही।

### तिल्दा बारात आए 2 लोगों से मारपीट

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम कुथरेल से तिल्दा यादव परिवार के शादी में बारात आए 2 युवकों के साथ कुछ लड़कों ने मारपीट की है साथ ही चाकू से भी हमला किया गया है जिससे दोनों युवकों को चोट आई है। बताया गया कि रेलवे लाइन के उस पार तिल्दा में यादव परिवार में शादी थी जिसका बारात ग्राम कूथरैल से आए थे। रात्रि मावली मंदिर के आसपास कुछ लड़के आए और जबरन विवाद करने लगे। प्रार्थी किशोर यादव उम्र 45 वर्ष ग्राम मलौद निवासी ने पुलिस को बताया कि कुछ लड़के जबरन विवाद करते हुए मारपीट किए जिससे उसे चोट आई है उसके बाद गाड़ी में जबरन तोड़फोड़ कर रहे थे जिसे नेतराम बंजारे 22 वर्ष कुथरेल निवासी द्वारा मन करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। साथ ही उक्त लड़के धारदार चाकू से किशोर पर हमला भी किए है। घटना में किशोर व नेतराम को गंभीर चोटे आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी ने बताया कि हमला करने वाले 4 से 5 लड़के थे जिनमें एक को वे अच्छी तरह से पहचानते है। मामले में नेवरा पुलिस ने अज्ञात लड़कों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**समस्या :** नल व हैंडपंप सूखी, पानी के लिए भटकने की नौबत

# ग्राम रींवा में गहराया जल संकट पांच हजार की आबादी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है अंचल में जल संकट भी गहराता जा रहा हैं। अंचल के कई गांवों में जल संकट दस्तक देने लगे हैं। वहीं अंचल के करीब पांच हजार की आबादी वाले ग्राम है रींवा। जिसे गढ़ रीवा के नाम से भी जाना जाता है। जहां कई वर्षों से पीने की पानी की समस्या बनी हुई है। लोग बताते हैं इस गांव में बारह माह में केवल छः माह ही लोगों को पानी मिल पाता है। शेष छः माह पीने के पानी के लिए जूझना पड़ता है। अब तक इस गांव में सैकड़ों नलकूप का उत्खनन कराया जा चुका है। पर कहीं भी पर्याप्त पानी नहीं है। गिने-चुने नलकूपो में ही मुश्किल से पांच से सात मीनट ही पानी निकलता है। जिससे मुश्किल से आठ दस बाल्टी पानी ही मिल पाता है। गांव के बच्चे,



बूढ़े, जवान हो या महिलाएं सबको पानी लाने आसपास के ग्राम जाना पड़ता है। पानी की किल्लत इतना कि पीने के पानी के लिए लोगों को आसपास के गांव में दो तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। पानी के लिए रोज झगड़ा लड़ाई तो आम बात है। इस गांव में पानी की किल्लत को देखते हुए स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने पहल करते हुए इस गांव में जल संकट पर शोध अध्ययन कर रहे हैं।भूगर्भ के जानकारो से संपर्क कर विस्तृत जानकारी व पानी के विभिन्न विकल्पों व स्त्रोतों का आंकड़ा एकत्रित कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। रीवा के आस-पास के गांवों में पहुंचकर जल स्तर की जानकारी ले रहे हैं। शनिवार को फाउंडेशन के संरक्षक पारसनाथ साहू व संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी ग्राम रीवा और कुकरा पहुंचे और जल संकट पर ग्राम के सरपंच घसिया राम साहू व ग्रामीणों से विस्तार पूर्वक जानकारी लिए। साथ ही जल स्त्रोतों का अवलोकन कर पानी के विकल्पों तथा गांव में जल उपलब्ध कराने व जल स्तर बढ़ाने के विकल्पो पर विस्तार पूर्वक चर्चा किए।

# समर क्लास पर रोक लगाने का निर्णय, छात्रों को मिली राहत

**आरंग।** छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन आरंग के संयोजक माणिक लाल मिश्रा के नेतृत्व में फेडरेशन से संबद्ध विभिन्न संगठनो के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के नाम ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा को सौंपकर ग्रीष्मकालीन अवकाश में शालाओं में समर क्लास लगाए जाने के लिए जारी आदेश को निरस्त करने की मांग की। संयोजक मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ राज्य सहित रायपुर जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है तापमान 41+ डिग्री सेल्सियस के पार हो गया जो आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर ने 19 अप्रैल को आदेश जारी कर ग्रीष्मकालीन अवकाश में एक मई से समर क्लास लगाए जाने के लिए आदेशित किया है जिसे लेकर शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया था। एक ओर जहां शालाओं में मौसम अनुकूल एसी, कुलर, पंखा तथा शीतल पेयजल उपलब्ध नही है। कई स्थानों पर पेयजल का स्त्रोत सुख गया है, वर्तमान में परीक्षाओं के बाद शालाओं में छात्र-छात्राओ की उपस्थिति नगण्य है। इस दौरान व्याख्याता संघ प्रांतीय संयुक्त सचिव डीके राहंगडाले, शिक्षक संघ से भूखन चंद्राकर, विजय चंद्राकर, छ.ग. टीचर्स एशोसियेशन



अध्यक्ष हरीश दीवान, छ.ग. तृतीय वर्ग शास कर्म. संघ से अरविंद वैष्णव, छ.ग. क्रांतिकारी शिक्षक संघ से राजकुमार नारंग, लिपिक वर्गीय कर्म. संघ अध्यक्ष केशव डहरिया, स्वास्थ्य संयोजक कर्म. संघ अध्यक्ष धनेश कुमार बघेल, शैलेन्द्र शुक्ला, विनोद चंद्राकर, हरमन बघेल, महेश अग्रवाल, नागेंद्र देवांगन, राजकुमार साहू, प्रफुल्ल कुमार मांझी, पोखन साहू, अभिषेक तिवारी, होरीलाल पटेल, भैयाराम जायसवाल, संतोष कुमार साहू, शांतिलाल सेन, हमेश्वर वर्मा, योगेश्वर साहू, आशीष बघेल, गरीबा राम साहू, राधेश्याम ध्रुव, कामता प्रसाद वर्मा, समिता अग्रवाल, ज्योति सोनी, दीक्षा सिंह, लोकेश्वरी कश्यप, मेहर सिंह रावते, प्यारेलाल बेलगहे, कांति चंद्राकर, आलोक ध्रुव आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट की है।

## खौली मे हुई संगीतमय श्री रामचरित्र मानस गान व्याख्यान प्रतियोगिता



**आरंग।** ग्राम खौली मे नवा अंजोर मानस मंडली व समस्त ग्रामवासियो के तत्वाधान में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय संगीतमय श्री रामचरित्र मानस गान व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अंचल के कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बेमेतरा, कवर्धा, बलौदा बाजार, रायपुर जिले के ख्याति प्राप्त 24 रामायण मंडली ने भाग लेकर खौली के मानस मंच में रामचरित्र मानस के पावन प्रसंग से ग्रामीणजनों को मंत्र मुग्ध एवं आनंदित किया। संगीत एवं व्याख्या पक्ष के निर्णायक राजेंद्र चंद्राकर व संतोष तिवारी ने निर्णय लेते हुए प्रथम विश्व कल्याण मानस मंडली कर कन्हारपुरी, द्वितीय रुद्राक्ष मानस मंडली करंजा भिलाई दुर्ग, तृतीय हरिदास मानस मंडली घोटवानी साजा बेमेतरा, चतुर्थ दाई के दुलार मानस मंडली कन्हारपुरी गुरूर बालोद को घोषित किया। जिन्हे क्रमशः 4000, 3000, 2000, 1000 रु. पुरस्कार के रूप मे दिया गया। इसी तरह महिला एवं बालिका वर्ग में प्रथम दीप ज्योति बालिका मानस मंडली धनोरा गुरुर बालोद, द्वितीय पैरी लहर बालिका मानस मंडली दूधवारा मगरलोड, तृतीय भूमिजा महिला मानस मंडली गुढ़ियारी रायपुर, चतुर्थ श्रद्धा सुमन महिला मानस मंडली कचना धमतरी रहे। मंच संचालन राजू चंद्राकर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में भागी चंद्राकर, अजय साहू, सीताराम चंद्राकर, नंदकुमार चंद्राकर, रमेश साहू इत्यादि पदाधिकारियो ने अपनी सहभागिता प्रदान किए। मानस मंच का संयोजन हीरालाल साहू और अशोक साहू ने किया।

## चंदखुरी में आशा संगठन की पहल बीमा से महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन /"बिहान/" के तहत आशा कलस्टर संगठन चंदखुरी से जुड़ी महिला स्व सहायता समूहों की सदस्यों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। संगठन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सभी सदस्यों एंव उनके पति का बीमा कराया जा रहा है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

इसके साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के लिये महिलाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी भी कलस्टर संगठन एवं ग्राम संगठन की बैठकों के माध्यम से दी जा रही है। बीमा योजना के तहत ग्राम पचेडा मया स्व. सहायता समूह की सदस्य तोमीन धीवर ने अपना एंव अपने पति गजानंद धीवर का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा साल 2019 में करवाया था, प्रत्येक साल उनके खाते से 436 रूपये कट जाता था। तोमीन धीवर के पति गजानंद धीवर का बीमारी के कारण निधन हो जाने पर उनके नामिनी एवं पत्नी तोमीन धीवर दीदी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंक चंदखुरी से राशि 2 लाख रुपए क्लेम राशि प्राप्त हुआ। आशा कलस्टर संगठन चंदखुरी का यह प्रयास महिला समूहों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है तथा भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने के लिए उन्हे सशक्त बना रहा है। उक्त जानकारी रामरतन टेंगवार बीपीएम जनपद पंचायत आरंग द्वारा दी गई।

## समोदा के आंगनबाडी में पोषण पखवाड़ा...



**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर रानीसागर आंगनबाड़ी केंद्र समोदा में पोषण पखवाड़ा का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें थीम आधारित गतिविधि कुपोषण एवम गर्भावस्था से बच्चे के जन्म के दो वर्ष 1000 दिवस पर चर्चा किया गया। साथ ही 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चे का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम में पौष्टिक आहार एवम स्थानीय भाजी के गुणवत्ता के बारे में प्रदर्शन एवम् चर्चा किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा सोनी, राजकुमारी प्रजापति, रूखमणि साहू, दीपिका साहू एवम गर्भवती महिलाएं, शिशुवती महिलाएं व ग्रामीणजन उपस्थित हुई।

## चोरी का माल कबाड़ में खपाने का खेल जारी

**मंदिर हसौद।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कुछ सालों में कबाड़ी की दुकान में काफी वृद्धि हुई है। जहां बिना लाइसेंस के कबाड़ी की दुकान बड़ी तादाद में संचालित हैं। मंदिर हसौद, तुलसी, बहना काड़ी, चंदखुरी, मुंगी, भानसोज, पलौद सहित कई स्थानों पर स्थित कबाड़ी के दुकान में आउटर में स्थित हाउसिंग बोर्ड की खिड़की दरवाजे गायब होते जा रहे हैं तथा सरकारी और प्रायवेट भवन के समान भी चोरी हो रहे। जिन्हें कबाड़ी के दुकान में आसानी से खपा दिया जा रहा है वहीं एकांत में पड़े सूने मकानों की खिड़की दरवाजे को रात्रि में चोरी कर कबाड़ी दुकानों के हवाले कर दिया जा रहा है जिससे आसपास में चोरों की संख्या लगातार बढ़ रहा है वही गांव-गांव में कबाड़ी की दुकान होने के कारण छोटे बच्चे भी लोहा कबाड़ तलाशने में निकल जाते हैं। जहां गांव के प्रायमरी व माध्यमिक शाला में शासकीय स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में लगातार कमियां देखने को मिला। वहीं बच्चे कहीं शराब के सीसी तो कहीं लोहा के टुकड़े के लिए भटकते हैं जिसे आसानी बेचने के लिए कबाड़ी की दुकान में मिल जाता है। वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा रात में चोरी कर दिन में नवाब के समान जिंदगी जीते हैं। वहीं चोरी कर कमाए हुए धन से शराब गांजा नशीली गोली जैसे नशा पान में बर्बाद करते हैं। वहीं लगातार क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ते जा रहे हैं जिस पर पुलिस प्रशासन अंकुश लगाने में विफल साबित हो रहे हैं।

# सशिमं तिल्दा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**तिल्दा नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा( सासाहोली )में सोमवार को सुबह 9:00 बजे से कक्षा प्रथम से एकादश तक स्थानीय कक्षा के भैया बहनों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शाला प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, अभिभावक प्रकाश विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवीलाल पटेल, प्राचार्य श्रवण कुमार साहू के द्वारा मां सरस्वती ओंकार एवं मां भारती के छायाचित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात परीक्षा प्रभारी नरेश साहू के द्वारा शिक्षण सत्र 2024-25 का कक्षा प्रथम से एकादश तक के भैया-बहनों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान भैया हिमांश हनुमंता



98.50%, द्वितीय लीलाधर सेन 98%एवं तृतीय मुकुल वर्मा 97.50% अंक प्राप्त किए। कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान खुशाली वर्मा 97.50% , द्वितीय मयंक यदु 92% अंक हासिल किए। मिडिल विभाग से कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान बहिन रोशनी 83.67%, द्वितीय बहिन दीप्ती 83.17% , तृतीय बहिन विद्या यादव 81.33% अंक प्राप्त किए। उक्त अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने अपने कहा कि प्रथम से एकादश तक स्थानीय कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है। जिन भैया - बहनों का नम्बर कम है या असफल हो गये हैं वे निराश न हो आगामी वर्ष और अधिक से अधिक मेहनत करें। कहा कि आगामी सत्र सेअपने विद्यालय में पंचम से द्वादश कक्षा तक बच्चों के लिए कंप्यूटर विषय की कक्षा जुलाई माह से शुरू हो जाएगी। पालक गण अपने बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा के लिए प्रेरित कीजियेगा। ऐसी आप सभी से अपेक्षा है।अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम हुआ।

# कुरकुरे, चिप्स, मैगी, कोल्ड ड्रिंक से स्वास्थ्य को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आंगनबाड़ी केंद्र भानसोज में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद

- भानसोज में पोषण पखवाड़ा का उत्साहपूर्वक आयोजन
- 8 गांवों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

सदस्य अमर मंडले, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कृष्णा महेश साहू, भानसोज सरपंच जगमोहन बघेल, पूर्व सरपंच भुनेश्वर धीवर, शिक्षक प्रवीण सोनवानी, भानसोज सेक्टर के 8 गांवों की 2 दर्जन से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं सेक्टर प्रभारी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पोषण के महत्व को प्रचारित करना और कुपोषण के प्रति समुदाय को जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरुआत पोषण रैली के साथ हुई, जिसमें स्थानीय महिलाएं, बच्चे तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नारों के जरिए जनजागरण किया गया। इस अवसर पर खाद्य प्रदर्शनी (फूड डेमो) का आयोजन भी हुआ, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों से संतुलित आहार बनाने के तरीके बताए गए। साथ ही कुरकुरे, चिप्स, मैगी, कोल्ड ड्रिंक से स्वास्थ्य को नुकसान के विषय में बताया गया। बच्चों की स्वास्थ्य जांच, पोषण थाली की जानकारी तथा महिलाओं के लिए परामर्श सत्र भी आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें शामिल सभी गांवों की कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र के अनुभव साझा किए और कुपोषण से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई। सेक्टर पर्यवेक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



### डायरिया से बचाव और उपाय की दी जानकारी

जिसमें डॉ. मंजर नवाब खान ने एनीमिया से बचाव और बढ़ाने के उपाय, डॉ. रमा झा ने गर्मी में आंखों की विशेष देखभाल और बचाव और गीता साहू मैडम के द्वारा डायरिया से बचाव और उपाय की जानकारी दी गई। सेक्टर प्रभारी ऋतु परिहार ने बताया कि "पोषण पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समुदाय को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। सभी कार्यकर्ताओं ने शानदार सहयोग दिया। इस अवसर पर महेश साहू ने छत्तीसगढ़ में 36 प्रकार की भाजी में संपूर्ण पोषण है जिसे खाने की सलाह दी। अमर मंडले ने बच्चो के स्वस्थ और सुपोषित होने पर सफल राष्ट्र के निर्माण की बात कही। सरपंच जगमोहन बघेल ने आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए रेडी टू इट के सेवन के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चो को गर्मी से बचाव के लिए गॉगल और हेयरबंड गिफ्ट दिया गया। 2 बच्चे शिवांश साहू और योक्षिता साहू का अन्नप्राशन किया गया और स्वस्थ शिशु पंकज चंद्राकर को स्माइल इमोजी का कप गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों एवं महिलाओं को पोषण युक्त अल्पाहार वितरण के साथ किया गया। स्थानीय समुदाय द्वारा भी इस पहल की सराहना की गई।

## पेज 09 के शेष ...

### अप्रैल की पहली...

अगले चार दिनों तक इसका प्रकोप जारी रहने की संभावना है और रायपुर का पारा पिछले दस साल के रिकार्ड के करीब पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को रायपुर का तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। इसके अलावा माना का पारा 43.6 तथा बिलासपुर का तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पेंड्रा का तापमान 42.7 था जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने की वजह की वहां और आसपास के इलाकों में ग्रीष्म लहर के हालात बने रहे।

अगले चौबीस घंटे में मौसम शुष्क रहने की वजह से अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी होने के साथ उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे जिलों में लू चलने और मध्य छत्तीसगढ़ में उस जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। ***बस्तर गर्मी से अछूता :*** बस्तर में बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवेश हो रहा है जिसकी वजह से वहां गर्मी अपना अधिक असर नहीं दिखा पाई है। सामान्य से कम तापमान होने की वजह से वहां कड़ी धूप का प्रभाव नहीं हो पाया है। दोपहर बाद होने वाली बारिश और तेज हवा के असर से रात में भी ठंडकता महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के भानपुरी, तोकापाल में बारिश हुई वहीं सुकमा के कुछ इलाकों में तेज गति की हवा से जनजीवन को प्रभावित किया था।

### पेट्रोल, डीजल चोर...

**निर्माण कार्य में लगे वाहनों में खपाते थे :** मंदिर हसौद इलाके में भारतमाला प्रोजेक्ट से लेकर कई तरह के निर्माण कार्य चल रहे हैं। टैंकर से ऑयल चोरी कर बेचने वाले निर्माण कार्य में अटैच वाहनों में डीजल खपाते थे। अवैध रूप से चोरी का पेट्रोल, डीजल बेचने वाले शातिर बाजार मूल्य से 10 से 15 रुपए कम कीमत पर डीजल, पेट्रोल उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही पेट्रोल डीजल में ज्यादा लाभ कमाने शातिर एथेनाल मिक्स करते थे।

पुलिस गिरफ्त में आए शातिर हर किसी को डीजल, पेट्रोल नहीं बेचते थे। उनके अपने निश्चित ग्राहक होते थे। शातिर ढाबों में जाकर ऐसे ड्राइवर तलाशते थे जो उनसे आसानी से डीजल, पेट्रोल खरीद सके।

### छुट्टियों में हिल...

यात्रियों की संख्या 46 हजार के करीब है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। काफी समय से ट्रेनों का संचालन नियमित तरीके से पूरा नहीं हो रहा है। अप्रैल के शेष दिनों और मई में भी आवाजाही अनियमित रहने के आसार हैं। इसके कारण लोग अपने सफर के लिए विमानों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार गर्मी की छुट्टियां मनाने बाहर जाने कार्यक्रम बनाने के बाद टिकटों की बुकिंग कराई जा रही है। सीमित बजट वाला परिवार देश के भीतर के हिल स्टेशनों के साथ अन्य पर्यटक स्थलों तक जा रहे हैं, वहीं ज्यादा बजट वाले दूर देशों की यात्रा करने के लिए जानकारी लेने के साथ टिकट बुक करवा रहे हैं। गर्मी के दिनों में परिवार सहित घूमने-फिरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। रायपुर से हिल स्टेशनों सहित की शहरों के लिए सीधी उड़ान की सुविधा नहीं है इसके अलावा यहां से दूसरे देश के लिए विमान सेवा की शुरुआत नहीं हो पाई है। यात्रियों को अपनी छुट्टी की यात्रा की शुरुआत दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों के माध्यम से प्रारंभ करना पड़ता है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सीएम को भगवान झूलेलाल का स्मृति चिन्ह भेंट किया

रायपुर। चेंबर ऑफ कॉमर्स के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भगवान झूलेलाल जी की स्मृति चिन्ह उन्हें भेंट की गई। इस अवसर पर श्रीचंद सुंदरानी, किशोर आहूजा, चैंबर उपाध्यक्ष राजूभाई तरवानी, मंत्री भरत पमनानी, रतन लीलानी, गौरव मंघानी, राजेश गंगवानी नानक राम गिदवानी उपस्थित रहे।

### मठपुरैना में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



रायपुर। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक सुनील सोनी ने फीता काटकर किया। जन औषधि केंद्र खुलने का समय सुबह 9 बजे से 3 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। इस केंद्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी। इसी दौरान विधायक सोनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना में पूरे परिसर का साफ सफाई, मेडिकल सुविधा, डॉक्टर रूम, नर्सिंग स्टाफ एवं पूरे परिसर का अवलोकन करने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया।

### उपासने ने घोषित किए लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश पदाधिकारी

रायपुर। लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने लोकतंत्र सेनानी संघ के उत्तराधिकारी व सहयोगी संगठन लोकतंत्र प्रहरी की छत्तीसगढ़ इकाई के संगठन हेतु प्रदेश पदाधिकारियों की निम्नानुसार घोषणा की है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस भिलाई, सह अध्यक्ष अमित छाबड़ा, डोंगरगढ़, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत उपासने, रायपुर, कृष्णकांत पवार बालोद, विरेश सिंह सूरजपुर व मनोज निर्वाणी राजनांदगांव, प्रदेश महामंत्री हरमिंदर सिंह टिन्नी अंबिकापुर, अंजना जायसवाल मुंगेली, नरेंद्र शर्मा तिल्दा नेवरा, शशांक शुक्ला रायपुर, प्रदेश मंत्री विनय मोटवानी बिलासपुर, जितेंद्र गुप्ता जशपुर, मंगेश टांगसाले महासमुंद, सुश्री मधु यादव, कोषाध्यक्ष मधु विजय पटेल अंबिकापुर, देवेंद्र पुनीतराम साहू राजिम, प्रदेश कार्यालय मंत्री संतोष शर्मा, मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव व सोशल मीडिया प्रभारी अभिजीत पांडे को मनोनीत किया गया है।

## निधन

### नोएल जोसफ



रायपुर। न्यू शांति नगर निवासी नोएल जोसफ (81) का 21 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से सेंट पॉल्स प्रभु वाटिका अरविंद नगर टिकरापारा के लिए निकलेगी। वे हीरामणी जोसफ के पति और ऑल्वीन जोसफ व एडवीन जोसफ के पिता थे।

### माया बोस



रायपुर। वीर सावरकर नगर हीरापुर निवासी माया बोस (75) का 20 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अप्रैल को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे अभय, प्रतिमा, प्रीति व आकाश की माता थीं।

# खमतराई में चल रहा था अवैध कारोबार, छापेमारी में 209 कमर्शियल सिलेंडर जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र के गोवर्धन नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने छापा मारकर मौके से विभिन्न कंपनियों के 209 सिलेंडरों के साथ एक छोटा हाथी वाहन जब्त किया है। पुलिस ने इस अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। इधर छापेमारी के दौरान पुलिस ने खाद्य विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद विभाग के अधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर इस मामले में केस बनाया है।

पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि खमतराई क्षेत्र के गोर्वधन नगर स्थित एक खुले प्लाट में एक व्यक्ति ने गैस सिलेण्डरों का भण्डारण कर रखा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर छापा मारा और धर्मेन्द्र सोनी 35 वर्ष निवासी मुर्रा भट्ठी गुढ़ियारी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से सीजी गैस, इण्डेन गैस, भारत गैस, एचपी गैस, गो गैस एवं ब्लू गैस कंपनियों के 209 कमर्शियल गैस सिलेण्डर बरामद किए। इसके साथ एक छोटा हाथी वाहन भी जब्त किया है, जिसमें सिलेंडर रखे हुए थे। धर्मेन्द्र के पास इतने सारे सिलेंडर कहां से आए और किन-किन लोगों को वह अवैध रूप से गैस सिलेंडर बेचा करता था, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है। बहरहाल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## विभाग के अधिकारी पहुंचकर इस मामले का बनाया केस

### गैस एजेंसी से साठगांठ की आशंका

छापेमारी में जिस व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उसके तार किसी गैस एजेंसी संचालक से जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने जिस जगह पर छापा मारा, वह निर्माणाधीन मकान है, जहां गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था। आरोपी के कब्जे से एक छोटा हाथी वाहन भी बरामद किया। इससे स्पष्ट है कि वह इस वाहन से ही गैस सिलेंडरों का लाना-ले जाना करता है। इस वाहन से पता लगाया जा सकता है कि वह किस गैस एजेंसी में अटैच है।



### खाद्य विभाग में भी चलेगा प्रकरण

गैस सिलेंडरों के अवैध कारोबार के मामले में पुलिस कार्रवाई के साथ खाद्य विभाग की कोर्ट में भी प्रकरण चलेगा। विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस मामले में नियम के तहत पुलिस कार्रवाई करेगी, साथ ही खाद्य विभाग की कोर्ट में भी प्रकरण चलेगा। उनका कहना है कि जब्त सिलेंडरों के बारे में भी पता लगाया जाएगा कि वह किस एजेंसी के हैं।

## एक साल के अंदर होगा निर्माण, नगर निगम जल्द करेगा ऑनलाइन टेंडर

# आमानाका, पंडरी, नरैया तालाब के पास कामकाजी महिलाओं के लिए बनेगा सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बाहर से आकर काम करने वाली कामकाजी महिलाओं को अब आवास के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। शहर में 3 स्थानों पर नगर निगम इन महिलाओं के लिए किफायती दर पर सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए आमानाका बस स्टैंड परिसर, पंडरी बस डिपो के पीछे और नरैया तालाब के समीप 250-250 बेड की क्षमता वाले 3 वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाये जाएंगे। नगर निगम जल्द ही इसके लिए ऑनलाइन टेंडर करेगा।

- केंद्र से नगर निगम को 48 करोड़ की स्वीकृति

शहर के आमानाका, पंडरी के पुराने बस डिपो के पीछे और टिकरापारा स्थित नरैया तालाब के पास कामकाजी महिलाओं के लिए महिला छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। केंद्र सरकार ने विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत रायपुर में 3 जगहों पर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनवाने 48 करोड़ की स्वीकृति नगर निगम को दी है। 250 बेड की क्षमता वाले प्रत्येक हॉस्टल में डबल बेड रूम वाले कमरे में अटैच बाथरूम की सुविधा रहेगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अनुबंधित एजेंसी को एक साल के अंदर कामकाजी महिलाओं के लिए सर्वसुविधा युक्त हॉस्टल का निर्माण करके देना होगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर हॉस्टल का संचालन करने एजेंसी तय की जाएगी।



### 48 करोड़ का प्रोजेक्ट स्थल चिन्हांकित

शहर में 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाने 48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। इसके लिए स्थल चयन किया जा चुका है। 10 दिन के अंदर इसके लिए टेंडर लग जायेगा। हमारा प्रयास है कि कामकाजी महिलाओं को शहर में सुरक्षित आवास की सुविधा जल्द मिल सके। निगम बजट में हमने इसे प्रमुखता से शामिल किया।

*- मीनल चौबे, महापौर नगर निगम रायपुर*

### शहरी सरकार के निगम बजट में है शामिल

महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल की पहले निगम बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए आवास की सुविधा को प्रमुखता देते हुए इसे शामिल किया गया है। नगर निगम के तरफ से इसके लिए एक प्रस्ताव बनाकर शासन से स्वीकृति और फंड की मांग की गई थी। शासन से मंजूरी मिलने के बाद कामकाजी महिलाओं के लिए शहर के रहवासी इलाकों के समीप 3 छात्रावास का निर्माण कराने की तैयारी है। महिलाओं के लिए बनने वाले छात्रावास के बाहरी हिस्से में व्यावसायिक गतिविधि के लिए जगह बनायी जाएगी, ताकि छात्रावास के संचालन में किसी प्रकार की आर्थिक दिक्कत न हो। इससे एक ओर जहां जरूरमंद कामकाजी महिलाओं को शहर के बीच रहने का सुरक्षित ठिकाना मिल सकेगा, वहीं नगर निगम को इससे अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। छात्रावास की व्यवस्था लंबे समय तक बनाये रखने में आसानी होगी। हॉस्टल में महिलाओं के लिए मेस की भी सुविधा रहेगी। सूत्रों के मुताबिक रायपुर शहर में करीब 10 हजार महिलाएं सरकारी विभागों में काम करने वाली हैं, इसके अलावा निजी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं की संख्या इससे भी ज्यादा है। कामकाजी महिलाओं के लिए शहर में 3 अलग-अलग स्थानों पर महिला छात्रावास बनने से उन्हें काफी हद तक राहत मिलेगी।

# बिजली कनेक्शन देने एई राजस्व रिकार्ड में नाम चढ़ाने पटवारी ने मांगे पैसे

## एसीबी ने किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसीबी ने रायपुर तथा कोरबा में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एक सहायक अभियंता तथा कोरबा में एक पटवारी को 25-25 हजार रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सहायक अभियंता के खिलाफ एक कारोबारी ने बिजली कनेक्शन देने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। पटवारी के खिलाफ एक किसान ने राजस्व रिकार्ड में ऑनलाइन नाम दर्ज कराने के बदले पैसे मांगने की एसीबी के पास शिकायत दर्ज कराई थी।

भिलाई, चरोदा निवासी बी. शिवाजी राव की शिकायत पर एसीबी ने सहायक अभियंता प्रवीण साहू को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बी. शिवाजी राव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह चंगोराभाठा स्थित जोन कार्यालय में एसी सर्विस का व्यवसाय करने 12 केवी थ्री फेस में बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया था। कनेक्शन देने के एवज में प्रवीण ने कारोबारी से रिश्वत की मांग की। इसकी शिकायत बी. शिवाजी राव ने एसीबी से की। इसके बाद जाल बिछाकर एसीबी की टीम ने प्रवीण को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।





### पटवारी 10 हजार लेते गिरफ्तार

कोरबा पाली निवासी समर सिंह की शिकायत पर एसीबी ने पटवारी सुल्तान सिंह बंजारा को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। समर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पाली से सटे ढुल्लापुर गांव में उनकी सवा तीन एकड़ कृषि भूमि है। उक्त भूमि का ऑन लाइन राजस्व रिकार्ड में नाम चढ़ाने आवेदन किया। ऑनलाइन नाम चढ़ाने के एवज में पटवारी ने किसान से 25 हजार रुपए रिश्वत मांगी। एडवांस के तौर पर किसान, पटवारी को 10 हजार रुपए रिश्वत देने उसके घर पहुंचा। इस दौरान एसीबी ने पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# इंडियन ओवरसीज बैंक फर्जी ज्वेल लोन मामला, मैनेजर सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंडियन ओवरसीज बैंक के एक करोड़ 65 लाख रुपए के फर्जी ज्वेल लोन मामले में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने बैंक मैनेजर तथा दो क्लर्क को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ तीन वर्ष पूर्व गरियाबंद, राजिम शाखा में बंद अकाउंट से ज्वेल लोन लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप है। फर्जी लोन मामले में बैंक की असिस्टेंट मैनेजर अंकिता पाणिग्रही को ईओडब्लू की टीम ने दस दिन पूर्व ओडिशा से गिरफ्तार किया था। अंकिता से पूछताछ के आधार पर जांच एजेंसी ने मैनेजर तथा क्लर्क को गिरफ्तार किया है। फर्जी ज्वेल लोन मामले में ईओडब्लू ने बिहार से सुनील कुमार तथा क्लर्क खेमन लाल कंवर तथा योगेश पटेल को गिरफ्तार किया है।







इन पर आरोप है कि स्वयं को लाभ पहुंचाने के लिए बैंक के सर्विलायंस एवं मॉनिटरिंग मैकेनिज्म को ब्रेक कर वेरिफिकेशन के प्रत्येक स्तर पर फर्जी अप्रूवल देकर गरीब किसानों के अकाउंट में लोन का पैसा डाला। इसके बाद उस रकम को अंकिता पाणिग्रही के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद जोरोधा नामक शेयर ट्रेडिंग प्लेटफार्म का उपयोग कर फ्यूचर्स एवं ऑप्शन नामक ट्रेडिंग स्कीमों में 1.65 करोड़ रुपए निवेश कर पूरी रकम हार गये, जिससे बैंक को आर्थिक हानि हुई। इस वजह से ईओडब्लू के अफसरों ने असिस्टेंट बैंक मैनेजर, बैंक मैनेजर तथा दो क्लर्क को गिरफ्तार किया।

### साहू समाज के लोगों के खिलाफ आरोप दर्ज करने की कड़ी निंदा

रायपुर। दो बार के पार्षद संदीप साहू को हटाकर आकाश तिवारी को नगर निगम में कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से नाराज साहू समाज के लोगों ने विगत दिनों कांग्रेस भवन का घेराव किया था। साहू समाज बड़ी संख्या में कांग्रेस मुख्यालय के अंदर और बाहर थे, जिससे आम जनता को आने-जाने में परेशानी हुई। पुलिस ने समाज के लोगों के खिलाफ रोड बंद करने के आरोप में केस दर्ज किया। साहू समाज के लोगों के खिलाफ आरोप दर्ज करने की कड़ी निंदा करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू से निवेदन करता हूं कि वे संदीप साहू के मुद्दे पर अभी तक चुप्पी क्यों शादें बैठे हैं क्या उन्हें समाज के संदीप साहू के प्रति किसी प्रकार की संवेदना नहीं है। उन्होंने बताया कि, पार्षद संदीप साहू को हटाकर किसी और को जिसे कांग्रेस पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था, उसे नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया। इस मामले में क्या उनसे सहमति ली गई थी उनकी समाज के प्रति की जवाबदारी है कि नहीं स्पष्ट होना चाहिए, मैं सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करता हूं कि वह पार्टी बैठक में इस मुद्दे पर अपनी विचार व्यक्त करें।

# थोक में ट्रेनें रद्द, रायपुर से सफर करने यात्रियों को टाटा हावड़ा से करानी पड़ रही 2 हजार तक महंगी बुकिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटरियों की मरम्मत और विकास कार्यों के कारण ट्रेनों के लगातार रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब सफर के लिए उनके पास विकल्प भी सीमित होते जा रहे हैं। वहीं, अप्रैल में रेलवे ने दर्जनों ट्रेनों के मार्गों में बदलाव कर दिया है, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए एक से ज्यादा ट्रेनें बदलनी पड़ रही हैं। इसका असर यह हो रहा है कि यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। अधिकतर यात्री रायपुर, बिलासपुर और नागपुर जैसे बड़े स्टेशनों पर ट्रेनें बदलने को मजबूर हैं।

- कन्फर्म टिकट को लेकर बढ़ी मारामारी, दलाल भी दूसरे शहरों से ले रहे सहारा

मौजूदा स्थिति में रायपुर से यूपी, बिहार, हावड़ा, दिल्ली और सूरत रूट की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है, जिससे कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। इस स्थिति का फायदा टिकट दलाल उठा रहे हैं। यात्रियों को कंफर्म सीट दिलाने के लिए वे छोटे स्टेशनों से टिकट बुक करवा रहे हैं, जहां वेटिंग लिस्ट कम होती है। इसके बदले वे यात्रियों से 1 से 2 हजार रुपये अतिरिक्त वसूल कर रहे हैं। स्टेशन और उसके आसपास अब ऐसे दलाल सक्रिय हो गए हैं, जो यात्रियों को जल्दी टिकट दिलाने के नाम पर इस तरह की तरकीबें अपना रहे हैं।

### रायपुर से अहमदाबाद यात्रा के लिए हावड़ा से करवा रहे टिकट

सूरत में इन दिनों चल रहे रेलवे विकास कार्यों के कारण दर्जनों ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इससे रायपुर से अहमदाबाद जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में अब यात्रियों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। हरिभूमि की पड़ताल में पता चला कि टिकट दलाल इस स्थिति का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। वे हावड़ा के आसपास के छोटे स्टेशनों से सीधे अहमदाबाद के लिए टिकट बुक कर रहे हैं, जहां वेटिंग लिस्ट कम होती है। एक टिकट दलाल ने बताया कि रायपुर से अहमदाबाद के लिए स्लीपर क्लास में वेटिंग 80 है, जबकि थर्ड एसी में 30 वेटिंग चल रही है। यदि हावड़ा से टिकट बुक करवाई जाए, तो कन्फर्म मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसके बदले में वे यात्रियों से 1005 रुपये का टिकट लेकर 1500 से 2000 रुपये तक वसूल कर रहे हैं।

### इधर रेलवे ने फिर रद्द की ट्रेन

- 30 अप्रैल 18114 बिलासपुर- टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 01 मई को 18113 टाटानगर- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 25 अप्रैल को 22843 बिलासपुर-पटना जंक्शन एक्सप्रेस व्हाया राउरकेला जंक्शन, चक्रधरपुर, टाटानगर, पुरुलिया जंक्शन एवं जयचण्डी पहाड़ जंक्शन होकर चलेगी।
- 27 अप्रैल को 22844 पटना –बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया जयचण्डी पहाड़ जंक्शन, पुरुलिया जंक्शन, टाटानगर, चक्रधरपुर एवं राउरकेला जंक्शन होकर चलेगी
- 23 एवं 29 अप्रैल, 05 मई 2025 को 58527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 22 एवं 29 अप्रैल, 04 मई 2025 को विशाखापट्टनम से र 58528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 22 अप्रैल 2025 को विशाखापट्टनम से 12807 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 01घंटे 30 मिनिट विलंब से गंतव्य को रवाना होगी।
- 24 अप्रैल 2025 को हटिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 08185 हटिया दुर्ग स्पेशल रद्द रहेगी।
- 25 अप्रैल 2025 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग हटिया स्पेशल 25 अप्रैल 2025 को रद्द रहेगी।
- 24 से 26 अप्रैल, 2025 तक गाड़ी संख्या 18113/18114 बिलासपुर-टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 25 एवं 26 अप्रैल, 2025 को गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### रीशेड्यूलिंग की जाने वाली गाड़िया

- 21 अप्रैल 2025 को नांदेड़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड संतरागाछी एक्सप्रेस को 1 घंटे रीशेड्यूल किया जाएगा।
- 22 अप्रैल 2025 को (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) एलटीटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 22511 एलटीटी येकामाख्या एक्सप्रेस को 02 घंटे रीशेड्यूल किया जाएगा।
- 24 अप्रैल 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12261 सीएसटी एम हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस को 03 घंटे रीशेड्यूल किया जाएगा।

## पेज 09 के शेष ...

### अप्रैल की पहली...

अगले चार दिनों तक इसका प्रकोप जारी रहने की संभावना है और रायपुर का पारा पिछले दस साल के रिकार्ड के करीब पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को रायपुर का तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। इसके अलावा माना का पारा 43.6 तथा बिलासपुर का तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पेंड्रा का तापमान 42.7 था जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने की वजह की वहां और आसपास के इलाकों में ग्रीष्म लहर के हालात बने रहे।

अगले चौबीस घंटे में मौसम शुष्क रहने की वजह से अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी होने के साथ उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे जिलों में लू चलने और मध्य छत्तीसगढ़ में उस जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। ***बस्तर गर्मी से अछूता :*** बस्तर में बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवेश हो रहा है जिसकी वजह से वहां गर्मी अपना अधिक असर नहीं दिखा पाई है। सामान्य से कम तापमान होने की वजह से वहां कड़ी धूप का प्रभाव नहीं हो पाया है। दोपहर बाद होने वाली बारिश और तेज हवा के असर से रात में भी ठंडकता महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के भानपुरी, तोकापाल में बारिश हुई वहीं सुकमा के कुछ इलाकों में तेज गति की हवा से जनजीवन को प्रभावित किया था।

### पेट्रोल, डीजल चोर...

**निर्माण कार्य में लगे वाहनों में खपाते थे :** मंदिर हसौद इलाके में भारतमाला प्रोजेक्ट से लेकर कई तरह के निर्माण कार्य चल रहे हैं। टैंकर से ऑयल चोरी कर बेचने वाले निर्माण कार्य में अटैच वाहनों में डीजल खपाते थे। अवैध रूप से चोरी का पेट्रोल, डीजल बेचने वाले शातिर बाजार मूल्य से 10 से 15 रुपए कम कीमत पर डीजल, पेट्रोल उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही पेट्रोल डीजल में ज्यादा लाभ कमाने शातिर एथेनाल मिक्स करते थे।

पुलिस गिरफ्त में आए शातिर हर किसी को डीजल, पेट्रोल नहीं बेचते थे। उनके अपने निश्चित ग्राहक होते थे। शातिर ढाबों में जाकर ऐसे ड्राइवर तलाशते थे जो उनसे आसानी से डीजल, पेट्रोल खरीद सके।

### छुट्टियों में हिल...

यात्रियों की संख्या 46 हजार के करीब है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। काफी समय से ट्रेनों का संचालन नियमित तरीके से पूरा नहीं हो रहा है। अप्रैल के शेष दिनों और मई में भी आवाजाही अनियमित रहने के आसार हैं। इसके कारण लोग अपने सफर के लिए विमानों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार गर्मी की छुट्टियां मनाने बाहर जाने कार्यक्रम बनाने के बाद टिकटों की बुकिंग कराई जा रही है। सीमित बजट वाला परिवार देश के भीतर के हिल स्टेशनों के साथ अन्य पर्यटक स्थलों तक जा रहे हैं, वहीं ज्यादा बजट वाले दूर देशों की यात्रा करने के लिए जानकारी लेने के साथ टिकट बुक करवा रहे हैं। गर्मी के दिनों में परिवार सहित घूमने-फिरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। रायपुर से हिल स्टेशनों सहित की शहरों के लिए सीधी उड़ान की सुविधा नहीं है इसके अलावा यहां से दूसरे देश के लिए विमान सेवा की शुरुआत नहीं हो पाई है। यात्रियों को अपनी छुट्टी की यात्रा की शुरुआत दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों के माध्यम से प्रारंभ करना पड़ता है।



# 660 करोड़ के रीएजेंट घोटाले में ईडी की एंट्री... मोक्षित पर मनी लाड्रिंग का संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी में हुए रीएजेंट और उपकरण खरीदी के 660 करोड़ के महाघोटाले में ईडी की एंट्री हो गई है। मामले में मोक्षित कार्पोरेशन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर मनी लाड्रिंग का संदेह है। मामले में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है। विभागीय अफसरों की मिलीभगत से अंजाम दिये गए इस महाघोटाले से दवा कार्पोरेशन से जुड़े कई बड़े अफसरों की मुश्किलें और बढ़ने का अनुमान है।

स्वास्थ्य विभाग और दवा कार्पोरेशन से जुड़े सबसे बड़े घोटाले में इस बात का संदेह भी है कि अवैध तरीके से की गई कमाई को अन्य जगह भी निवेश किया गया है। इस शक के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जांच में अगर धनशोधन का मामला सही पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ पीएमएलए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच अब तक ईओडब्लू के पास थी, मगर घोटाले के इंवेस्टीगेशन में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री मामले को और अधिक गंभीर बना रहा है। ईओडब्लू की टीम इस मामले में मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा के अलावा सीजीएमएससी से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच जारी होने की वजह से सभी आरोपी अभी न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। इस प्रकरण में कुछ और लोगों के जुड़े होने का संदेह है, जिस आधार पर आने वाले दिनों में और लोगों की गिरफ्तारी का अनुमान है।

- घोटाले से जुड़े अफसरों की बढ़ेंगी मुश्किलें, मामला फिर चर्चा में

### दर्ज हुई ईसीआईआर




### पुराने अफसरों से भी पूछताछ

घोटाले की जांच में ईडी की एंट्री के साथ ईओडब्लू की जांच में भी तेजी आने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के इंवेस्टीगेशन में सीजीएमएससी से जुड़े कुछ पुराने अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। इस मामले में कार्पोरेशन के मुखिया स्तर के अधिकारियों से भी पूछताछ की गई है। प्रकरण में अब तक किसी बड़े अफसर पर हाथ नहीं डाला गया है जबकि ईओडब्लू की एफआईआर में की बड़े अधिकारियों को द्वारा मामले में गैर जिम्मेदाराना काम किये जाने का जिक्र है।

### कई गुना दामों में अंधाधुंध खरीदी

इस महाघोटाले को अंजाम देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची गई। बाजार में कम दामों में मिलने वाले रीएजेंट और उपकरणों के हजार गुना से अधिक दाम तय किये गए और उनकी अंधाधुंध तरीके से खरीदी की गई। अफसरों ने इसके लिये सारे नियम-कायदों को ताक में रखकर अनुमति दी। थोक में खरीदी के बाद रीएजेंट और उपकरणों को ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाकर ठूंस दिया गया जहां उसकी जरुरत ही नहीं थी। इसकी वजह से सारे केमिकल खराब हो गये और शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केद्रों में बच्चों को बेहतर सिखाने का लिया संकल्प



**रायपुर।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी वन के अंतर्गत ईसीसीई मेला सीखओं और सिखावो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित नवीन सरस्वती कन्या विद्यालय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में 116 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग कॉर्नर पर खेल-खेल में गतिविधियों को सीखा और इस सीखे हुए को अपने-अपने आंगनबाड़ी केद्रो में बच्चों को बेहतर सिखाने का संकल्प लिया, इस मेले में समस्त पार्षद, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर, रायपुर शहरी वन की परियोजना अधिकारी प्रीति प्रसाद पर्यवेक्षक विजिया, वंदना, कविता अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के समस्त सदस्य रजत, योगेंद्र, राधेश्याम, कमला बीनु, मनोज, संध्या, आराधना श्रीदेवी, रिचा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए उपस्थित रहे।

### आक्रोशपूर्ण आंदोलन करने की तैयारी करेगी कांग्रेस



**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से भारत देश में आपराधिक मामलों की सूची में यूपी बिहार को पीछे छोड़ छत्तीसगढ़ प्रदेश नंबर वन पर आ गया है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। यहाँ बलात्कार, हत्या, अपहरण, लूट, डकैती और चोरी जैसे वारदात आम हो गए हैं, जिसका सीधा-सीधा ग्राफ जो केवल छत्तीसगढ़ के कुछ ही जिलों में जनवरी 2024 से वर्तमान की स्थिति तक का आँकड़ा पूरी तरह बयाँ कर रहा है, तो यदि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का ग्राफ निकाला जाएगा तो क्या स्थिति होगी। जिसमें हत्या में 1027, लूट 424, चोरी 7288, बलात्कार 2980, अपहरण 3333 और डकैती में 54 मामले शामिल हैं। श्री उपाध्याय ने कहा यदि इसी प्रकार से आपराधिक मामले प्रदेश में बढ़ते रहे तो कांग्रेस पार्टी जनता के न्यायहित में इससे भी ज्यादा आक्रोशपूर्ण आंदोलन करने तैयार रहेगी।

### राजधानी के फीडरों के ट्रांसफार्मरों में ही लगे करीब दो दर्जन कूलर

# पुराने ट्रांसफार्मरों में तापमान 70 डिग्री कूलिंग के लिए कूलरों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


खास खबर

प्रदेश में इस बार अप्रैल में ही रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है। इसका असर चौरतफा दिख रहा है। एक तरफ जहां बिजली की खपत आसमान पर जा रही है, वहीं फीडरों के पुराने ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए कूलरों का सहारा लेना पड़ रहा है। राजधानी रायपुर के ही फीडरों के ट्रांसफार्मरों को गर्मी से बचाने के लिए करीब दो दर्जन कूलर लगाए गए हैं। प्रदेश के कई फीडरों में थोक में कूलरों का सहारा लिया जा रहा है। जिन भी पुराने ट्रांसफार्मरों में आइल का तापमान 70 डिग्री तक जा रहा है, वहां पर कूलर लगाने की जरूरत पड़ रही है।

प्रदेश भर के फीडरों में थोक में 20 साल से ज्यादा पुराने ट्रांसफार्मर हैं। इन ट्रांसफार्मरों की कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। आमतौर पर ट्रांसफार्मरों में कूलिंग क्षमता होने के कारण गर्मी में ये परेशान नहीं करते हैं। गर्मी में ट्रांसफार्मरों का तापमान 60 डिग्री के आस-पास रहता है। यह सामान्य माना जाता है। लेकिन जो पुराने ट्रांसफार्मर होते हैं उनका तापमान 60 डिग्री से पार होकर 70 डिग्री या इससे ज्यादा हो जाता है। जैसे ही तापमान 60 डिग्री के पार जाता है तो ऐसे ट्रांसफार्मरों की नियमित देखरेख होती है और तापमान 70 डिग्री के करीब पहुंचने पर इनको ठंडा करने के लिए कूलर लगाने पड़ते हैं। इस समय भी राजधानी रायपुर के सिविल लाइन और डगनिया सहित अन्य फीडरों में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए 22 कूलर लगाए गए हैं।

### फीडरों के पुराने ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं





### उत्पादन संयंत्र भी हांफ रहे

एक तरफ जहां गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के कोरबा और मड़वा के संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। सोमवार को ही कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट का एक संयंत्र और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र में 250 मेगावाट का एक संयंत्र हांफ गया। ऐसा होने से बिजली का उत्पादन प्रभावित हो गया। पॉवर कंपनी के संयंत्रों में जो रोज का उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट होता है, वह 18 सौ मेगावाट पर गया। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। इस समय प्रदेश में बिजली की खपत पीकआवर में 65 सौ मेगावाट या इससे भी पार जा रही है।

### पुराने ट्रांसफार्मरों में लगाने पड़ते हैं कूलर

जो ट्रांसफार्मर पुराने हैं, उनकी कूलिंग क्षमता कम हो जाती है। गर्मी में लगातार ट्रांसफार्मरों के आइल का तापमान चेक किया जाता है। जिनका तापमान 70 डिग्री के आसपास हो जाता है, उनके लिए कूलरों की व्यवस्था करते हैं।

- **भीम सिंह कंवर,** एमडी, पॉवर वितरण कंपनी

## देर रात तक डीजे बजने से विद्यार्थी व वार्डवासी परेशान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत
- जोरा के पंजाब केशरी भवन में आयोजन के दौरान ध्वनि प्रदूषण का मामला

जोरा स्थित पंजाब केशरी भवन में देर रात तक डीजे साउंड से स्थानीय रहवासी परेशान हैं, साथ ही विद्यार्थियों को भी इससे असुविधा हो रही है। इस बात को लेकर वार्डवासियों ने पार्षद रेणु-जयंत साहू के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। साथ ही तेज आवाज में बजाये जाने वाले डीजे से निजात दिलाने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित जोरा के पंजाब केसरी भवन में विवाह व अन्य समारोह के दौरान डीजे से ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायत का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ सोमवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। शिकायत कर्ताओं का कहना है, संबंधित भवन के आसपास बस्ती और कॉलोनी है, जहां स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। संबंधित भवन विवाह व अन्य समारोह के लिए किराए पर दिया जाता है। इस दौरान देर रात तक डीजे साउंड का उपयोग किये जाने से ध्वनि प्रदूषण होने से विशेषकर स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों एवं बीमार तथा बुजुर्ग लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

भवन के प्रबंधन समिति को इससे अवगत कराकर आग्रह किया गया कि शोरगुल ज्यादा न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। इसके बाद भी इसकी अनदेखी हो रही है।

## बीसीए प्रथम वर्ष में 50% विद्यार्थी अनुत्तीर्ण




- ओल्ड कोर्स के अंतर्गत 32 छात्रों के लिए आयोजित की गई थी परीक्षा
- बीसीए द्वितीय वर्ष के नतीजे रहे 59.77 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सोमवार को बीसीए द्वितीय वर्ष के साथ ही बीसीए प्रथम वर्ष ओल्ड कोर्स के नतीजे भी जारी कर दिए गए। दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 60% तक भी नहीं पहुंच सकी। बीसीए प्रथम वर्ष ओल्ड कोर्स के अंतर्गत रविवि ने 32 छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। इनमें से 16 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। विवि द्वारा 10 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि 6 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है। इस तरह से परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत ही रहे। वहीं बीसीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 701 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 419 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 81 विद्यार्थी परीक्षा पास नहीं कर सके हैं। 198 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है और 3 के नतीजे विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। नतीजे 59.77% रहे। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा में एक भी छात्र अनुपस्थित नहीं थी।

### 2023, 2024 व 2025 के रुके हुए परिणाम जारी

बीसीए के अलावा रविवि ने सोमवार को विभिन्न कक्षाओं के रुके हुए परिणाम भी जारी किए हैं। इनमें एमकॉम, एमएससी सहित बीएड भी शामिल है। ना केवल वर्ष 2024 और 2025 बल्कि 2023 के भी रुके हुए परिणाम अब जारी किए गए हैं। इनमें से कुछ छात्रों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रुके हुए थे, जिनके निपटान के बाद नतीजे जारी किए गए तो कुछ के नतीजे अन्य कारणों से विवि प्रबंधन ने रोका था। सभी नतीजे विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

## ट्रक मैकेनिक के साथ मारपीट वीडियो वायरल, आज सभी मोटर मैकेनिक हड़ताल पर रहेंगे





- घटना खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रक हटाने के विवाद पर एक ट्रक मैकेनिक ने आधा दर्जन से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट की घटना का सीसीटीवी फूटेज वायरल हुआ है, जिसमें बदमाश मेकैनिक के साथ बुरी तरह से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही है।

डीजल पंप मेकैनिक राहुल देव शर्मा ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया है कि वह ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक सुधारने का काम करता है। शनिवार को एक ट्रेलर गाड़ी की मरम्मत करने के बाद वह उसे निकाल रहा था। इसी दौरान ट्रेलर के सामने एक अन्य ट्रक से दूसरे ट्रक में माल क्रासिंग किया जा रहा था। ट्रेलर निकालने के लिए ट्रक साइड में करने के लिए कहने पर ट्रक मालिक ने मौके से ट्रक हटा लिया। एक घंटे के बाद ट्रक मालिक आधा दर्जन लोगों के साथ राहुल के पास पहुंचा और सभी उसकी पिटाई करने लगे। घटना से आहत छत्तीसगढ़ मेकैनिक संघ के अध्यक्ष सुभाष कुंडू ने मंगलवार को हड़ताल करने की घोषणा की है। साथ ही आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट, मोबाइल अपडेट करने वाट्सएप नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

एक अप्रैल 2019 के पूर्व के जितने वाहन है, उन सभी वाहनों में अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाने आरसी बुक में मोबाइल नंबर अपडेट होना जरूरी है। कई ऐसे वाहन मालिक हैं, जो पूर्व में मोबाइल नंबर उपयोग करते थे। वर्तमान में वह मोबाइल नंबर बंद हो गया है। बंद मोबाइल आरसी बुक में एंट्री है। ऐसे में वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट में जाकर स्वयं से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। कई ऐसे वाहन मालिक हैं, जो वेबसाइट के माध्यम से मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कर पा रहे हैं, उनकी सुविधा के लिए मोबाइल नंबर अपडेट कराने परिवहन विभाग ने वाट्सएप नंबर जारी किया है। आरसी बुक में मोबाइल नंबर अपडेट करने वाहन मालिक सीजी ट्रांसपोर्ट डॉट जीओवी डॉट इन में ऑनलाइन मोबाइल नंबर के साथ एचआरएस नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कर पाने वालों के लिए परिवहन विभाग ने 7869745862, 8871422065, 9752765562, 7898779462, 9752787162 एवं 8982812162 में किसी भी एक मोबाईल नंबर पर कार्यालयीन दिवसों में सुबह 10:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल नंबर अपडेट करने जरूरी दस्तावेज अटैच कर आवेदन कर सकते हैं।

### ऑनलाइन सिस्टम में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कर पाने वाले वाहन मालिकों के लिए सुविधा




### नंबर अपडेट करने इन दस्तावेजों की जरूरत

पंजीकृत वाहन स्वामी मोबाइल नंबर अपडेट करने स्वसत्यापित आधार कार्ड में स्वयं का मोबाईल नंबर लिखकर एवं वाहन क्रमांक अंकित कर वाहन का आरसी बुक के साथ पीडीएफ फॉर्मेट तैयार कर पीडीएफ फाइल बनाकर वाट्सएप करना पड़ेगा। एक ही पीडीएफ फाईल भेजने पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा मोबाईल नंबर अपडेट करने की कार्यवाई की जाएगी। मोबाइल नंबर अपडेट होने पर वाहन मालिक को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित किया जावेगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, हजारों शामिल



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मीटिंग करने के लिए बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विधानसभा से पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे थे। इसके अलावा फलस्वरूप आरंग, अभनपुर, धरसीवां, बीरगांव, तिल्दा धनेंद्र साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता सत्यनारण शर्मा, पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अनीता शर्मा, पंकज शर्मा, नंदलाल देवागन, डोमें शवरी वर्मा, पप्पू बंजारे, सौरभ मिश्रा, विद्याभूषण सोनवानी, कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, योगेंद्र सोलंकी, जयंत साहू, राजा खान, अश्वनी वर्मा, देवव्रत नायक सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी के छात्रों ने जेईई मेंन्स-2025 में दिखाया शानदार प्रदर्शन









- संस्थान के 10 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया

**रायपुर।** ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए जेईई मेंन्स 2025 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस वर्ष संस्थान के 10 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था और अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने इस सफलता के लिए छात्रों की सराहना की और कहा यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की समर्पित शैक्षणिक प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जहां न केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की भी समुचित तैयारी कराई जाती है। विद्यालय प्रबंधन समिति और सभी शिक्षकों ने भी छात्रों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



थ्रीडी वॉल पेंटिंग से रेस्टोरेंट-मैरिज हाल...


## लाइव इवेंट

### मौखिक स्वच्छता पर जोर, दंत महाविद्यालय में रैली-नाटक से फैलाई जागरूकता



**रायपुर।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 'विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह' के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा पूरे अप्रैल माह को मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समुदाय को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और मौखिक स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों और फैकल्टी द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर प्रदर्शनी, रील्स और रंगोली प्रतियोगिता जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से आम जनता को दांतों की देखभाल और मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय द्वारा सेंट्रल जेल उप-केंद्र में एक विशेष मौखिक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में कैदियों को दंत रोगों की जांच, परामर्श और मौखिक स्वच्छता से जुड़ी सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया।

#### इस वजह से होते हैं मसूड़ों के रोग

डॉक्टर ने लोगों को बताया कि मौखिक स्वास्थ्य, व्यक्ति की संपूर्ण सेहत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले अभ्यासों, संतुलित आहार और निवारक उपायों से जुड़ा होता है। इसे नजरअंदाज करने से दांतों में सड़न, मसूड़ों के रोग और अन्य गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस दौरान डॉ. वीरेन्द्र वाढेर (प्राचार्य) के मार्गदर्शन में डॉ. मिलिंद वासनिक (विभागाध्यक्ष, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग), डॉ. सोपान सिंह, डॉ. रामकृष्ण चेव्वुरी, डॉ. अभिनव पारख, डॉ. मनीष राठौर, पीजी छात्र - डॉ. पूनम नारंग, डॉ. आरुही सिन्हा, डॉ. नेहा रानी, डॉ. रिया गर्ग, डॉ. रश्मि राठौर और डॉ. जी. नव्या, इंटर्न्स, प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष के छात्र (जी.डी.सी. रायपुर) एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जेईई एडवांस्ड 2025: 16 मई को होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को विशेषज्ञों से तैयारी के टिप्स

# 100 फीसदी अटेंप्ट करना जरूरी नहीं है, मॉक टेस्ट के लिए संडे का दिन करें तय, क्लियर होगा पेपर का पैटर्न

**आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस्ड की परीक्षा 16 मई को आयोजित की जाएगी। एग्जाम की तैयारी के लिए अब मात्र 25 दिन बच गए हैं। जेईई मेन क्लीयर करने के बाद अब स्टूडेंट्स का पूरा ध्यान एडवांस पर है। कम समय में अधिक तैयारी करने के बीच मानसिक दबाव से बचना भी जरूरी है। टीम हरिभूमि ने विशेषज्ञों से बातचीत कर जाना कि परीक्षा से पहले छात्रों को किस प्रकार की तैयारी करनी चाहिए।**

### तीन विषयों पर पकड़ बनाने के लिए अपनाएं यह तरीका


**मैथ्स**

जेईई एडवांस्ड की परीक्षा का पैटर्न बहुत ही चुनौतीपूर्ण और कांसेप्चुअल होता है। इस परीक्षा में दो पेपर होते हैं: पेपर-1 और पेपर-2। अगर स्टूडेंट्स पेपर-1 में अच्छे से तैयारी करते हैं, तो वे अच्छे रैंक की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि इसमें 17 सवाल आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर कोई स्टूडेंट पेपर-1 में 7 से 8 सवाल सही करता है, तो उसे रैंक 3000 के अंदर आने की उम्मीद हो सकती है। कभी भी संकोच न करें, पेपर-1 में कैल्कुलस, थ्रीडी वैक्टर और टूडी ज्योमेट्री पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पिछले 5 से 7 साल के पीवाईक्यू (प्रश्नपत्र) को हर रविवार को हल करना चाहिए।

**फिजिक्स**

एडवांस्ड परीक्षा में 12वीं कक्षा के सिलेबस का वेटेज अधिक होता है, जिससे स्टूडेंट्स 12वीं के महत्वपूर्ण कांसेप्ट्स पर खास ध्यान दें। इनमें इलेक्ट्रोडायनेमिक्स, मॉडर्न फिजिक्स, थर्मोडायनेमिक्स और ऑप्टिक्स जैसी यूनिट्स शामिल हैं। इन यूनिट्स के कांसेप्ट्स को क्लियर करने से स्टूडेंट्स पेपर में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मॉडर्न फिजिक्स से इस परीक्षा में अक्सर सवाल पूछे जाते हैं। इसलिए, इस विषय को पूरी तरह से रिवाइज करना जरूरी है।

**रायपुर।** विशेषज्ञों ने बताया कि इस समय छात्रों को मॉक टेस्ट पर पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्हें जितने ज्यादा संभव हो, मॉक टेस्ट देने चाहिए। इससे परीक्षा का पैटर्न उन्हें अच्छे से समझ में आएगा और वे अपनी स्पीड व क्षमता पर काम कर पाएंगे। मॉक टेस्ट से प्रश्नों को हल करने की ट्रिक भी समझ में आ जाएगी, जिससे वे परीक्षा में ज्यादा आत्मविश्वास के साथ प्रवेश कर सकेंगे। साथ ही, विशेषज्ञों का कहना है कि परीक्षा में सब्जेक्ट को अटेम्प्ट करने का सही क्रम पहले से ही तय करके जाना चाहिए। इससे छात्रों को पेपर हल करने में आसानी होगी और समय का सही उपयोग हो सकेगा। स्टूडेंट्स को पंखे की हवा में बैठकर तैयारी करनी चाहिए। बॉडी क्लॉक बनाए रखने के लिए दिन में सोना बंद कर देना चाहिए।





### 100 फीसदी अटेंप्ट करना जरूरी नहीं

पेपर को 100 फीसदी अटेंप्ट करना जरूरी नहीं है। अच्छी रैंक लाने के लिए जिन सवालों को हल करने में कॉन्फिडेंट फील करें, सिर्फ उन्हें ही मार्क करें। हाई एनालिटिकल सवालों को हल करने के लिए अन्य सवालों की अपेक्षा थोड़ा ज्यादा ठहरें। इससे आपकी अप्रोच सवालों को हल करने की बढ़ेगी। ओवरऑल अच्छे मार्क्स के साथ हर सब्जेक्ट के इंडिविजुअल कटऑफ को क्वालीफाई करना भी जरूरी है।






### केमेस्ट्री

जेईई एडवांस्ड परीक्षा में लगभग 95 प्रतिशत पेपर एनसीईआरटी बेस्ड होता है। यह पेपर अक्सर बैलेंस्ड होता है और इसमें सभी विषयों से समान रूप से सवाल होते हैं। जनरल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री टॉपिक स्टूडेंट्स के लिए काफी अहम होता है, क्योंकि इस पर अधिक सवाल आते हैं। इसके कांसेप्ट्स को अच्छे से समझना और रिवाइज करना जरूरी है। फिजिकल, केमिस्ट्री में इलेक्ट्रो केमिस्ट्री और सॉल्यूशन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ये टॉपिक्स पेपर में बार-बार पूछे जाते हैं और अगर इस पर पकड़ मजबूत हो, तो स्टूडेंट्स के लिए पेपर आसान हो सकता है। इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री कॉर्डिनेशन केमिस्ट्री और पी-ब्लॉक्स जैसे टॉपिक्स से भी कई सवाल आते हैं। इन्हें अच्छे से तैयार करने पर छात्र पेपर में अच्छा स्कोर कर सकते हैं। स्टूडेंट्स को 10 से 15 दिन में एक बार मॉक टेस्ट अवश्य लगाना चाहिए।



### मेडिटेशन को बनाएं हथियार

*स्टूडेंट एकदम शांत कमरे में पेपर हल करने की प्रैक्टिस न करें। एग्जाम हॉल में आपको थोड़ा बहुत शोर तो मिलेगा। एसी की बजाय सामान्य पंखे में पेपर देने की प्रैक्टिस करें। चूंकि, पेपर सुबह 9 से 12 और दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक होगा, इसलिए दोपहर में सोना बंद कर दें। मेडिटेशन और स्ट्रेस बूस्टर टेक्निक के लिए लाइट म्यूजिक सुनें या फिर घर के गार्डन में भी वॉक कर सकते हैं।*





## सिटी इवेंट

### विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास करने पीटीएम 'आओ साथ चलें'



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में सोमवार को 'आओ साथ चलें' थीम पर अभिभावकों और शिक्षकों ने मीटिंग का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को आगामी वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन की तैयारी कराना है। इस कड़ी में शिक्षकों और पालकों ने विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कैसे संभव होगा, इसमें आपसी सहयोग के लिए चर्चा की। मीटिंग का आयोजन कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल एवं पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल के मार्ग-दर्शन में किया गया। दीप प्रज्जवलन, मां सरस्वती पूजा से आयोजन का शुभारंभ किया गया। 'आओ साथ चलें' निश्चित ही शिक्षकों एवं अभिभावकों को जोड़ने में सेतु साबित होगा। शिक्षकों से मिलकर छात्रों की कमियों और परेशानियों को दूर कर उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

#### विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिल रहा

सभी अभिभावकों के सहयोग से यह प्रयास जरूर सफल होगा। यह भरोसा आयोजकों ने पालकों के साथ संवाद में भी जताया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा और अभिभावकों ने कॉलेज से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कॉलेज में शैक्षणिक के साथ अशैक्षणिक गतिविधियों से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास किया जाता है। इससे सभी विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिल रहा है। आज के आधुनिक जीवन शैली में व्यक्तित्व का विकास बेहद जरूरी है। प्राचार्य ने कॉलेज एवं विद्यार्थियों के विकास के लिए इस मीटिंग को उपयोगी बताया। पीटीएम को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों से सहयोग की आकांक्षा रखते हुए उनके सुझावों को शिक्षकों ने अनमोल बताया।

### प्लास्टिक कैरी बैग से बचाने गार्डन में लोगों को बांटा थैला



**रायपुर।** बाजार में तेजी से हो रहे प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग से जमीन बंजर होती जा रही है। लोगों को कैरी बैग का उपयोग करने से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए सरोकार से जुड़ी हुई संस्था दिव्यांश फाउंडेशन ने सुबह अनुपम गार्डन में घूमने पहुंचे लोगों को सजग करने के लिए प्रयास किया। वहीं, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने की जगह थैला यूज करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही लोगों को जूट से बने थैलों का वितरण किया गया। इसे बांटने के साथ लोगों को थैला लेकर बाजार जाने की आदत डालने के लिए आग्रह किया। यह आयोजन सीएसआर की श्रृंखला में किया गया। इस प्रयास को सफल बनाने में विशेष सहयोग मनीष राय, तुषार यदु, धनेश देवांगन, जितेंद्र यादव, कान्हा यादव, दिव्यांश, सूर्या और लाखन जायसवाल ने किया। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए बताया कि कार या दोपहिया की डिक्की में घर से एक थैला लेकर चलने की आदत डालने से जमीन को बंजर होने से बचाने में सहयोगी बन सकते हैं।

## चुनौती का सामना करने समाज बेटियों को सिखा रहा है सेल्फ डिफेंस का गुर

**रायपुर।** स्कूल-कॉलेज आते-जाते छात्राओं को छेड़ना या दुष्कर्म की सोचना भी महंगा पड़ेगा, क्योंकि अब छात्राएं आत्म रक्षा के लिए खुद तैयार हो रही हैं। दुष्कर्मियों को एक पंच से कैसे सबक़ सिखाया जाता है, इसकी ट्रेनिंग प्रदेश देवांगन समाज द्वारा आयोजित सेल्फ डिफ़ेंस प्रशिक्षण शिविर में दी जा रही है। इस शिविर में 8 से 18 साल की छात्राएं भाग ले रही हैं। प्रदेश महिला देवांगन समाज द्वारा प्रदेश व्यापी निःशुल्क सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आगाज बिरगांव से किया गया। यह शिविर हर रविवार को होगा। राष्ट्रीय ट्रेनर ब्लैक बेल्ट अभिषेक पांडेय एक पंच से छात्राएं दुष्कर्मियों को कैसे सबक़ सिखा सकती हैं, इसकी ट्रेनिंग दे रहे हैं।



### शिविर का औपचारिक शुभारंभ

*प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने कहा कि तीन साल की बच्चियां भी समाज में सुरक्षित नहीं हैं। दुर्ग में बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी। ऐसी घटना दिल को झकझोर देती हैं। यह घटना दोबारा किसी के साथ भी न घटे, इसलिए देवांगन समाज सर्व समाज की बेटियों को प्रदेशभर में सेल्फ डिफ़ेन्स की ट्रेनिंग देगा। बिरगांव से इसका औपचारिक शुभारंभ किया गया है। दान सिंह देवांगन ने बताया कि इस प्रयास को अब प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा। समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणु देवांगन ने कहा कि सभी माता-पिता को बेटियों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण प्राथमिकता से दिलवाना चाहिए।*

### सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा

उन्होंने छात्राओं को बताया कि अगर कोई आते-जाते परेशान करता है, तो उसकी अनदेखी करके आगे बढ़ने से बेहतर होगा, इसे चुनौती की तरह लेते हुए टिप्पणी करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दें। इससे उन बेटियों को भी आत्म बल मिलेगा, जिसके साथ आप लोग स्कूल आते-जाते हैं। राह चलते आपत्ति करने से परिवार के लोगों में बेटियों के प्रति सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा। अभी शिविर के लिए 50 से ज्यादा छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पहले दिन से क्लास का हिस्सा बनी छात्राओं को पायल और डिगेश्वरी ने बतौर ट्रेनर बेड टच और गुड टच में फ़र्क़ करना भी सिखाया।



## नन्हीं सुरों की टोली ने संगीत से जीता बुजुर्गों का दिल

**रायपुर।** जयश्री म्यूजिक अकादमी द्वारा सोमवार की शाम संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो भावनाओं और सुरों से भरा रहा। यह कार्यक्रम किसी बड़े मंच पर नहीं, बल्कि एक वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ। जहां अकादमी के 3-6 से 18 वर्ष तक के बच्चों ने अपने सुरों की मधुरता से बुज़ुर्गों के दिलों को छू लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जैसे ही हुई, माहौल संगीतमय हो गया। नन्हें कलाकारों ने जब अपनी प्रस्तुति दी, तो हर एक गीत, हर एक राग और हर एक मुस्कान जैसे समय को कुछ पल के लिए थाम लिया। बच्चों की मधुर आवाज़ों और आत्मीयता से बुज़ुर्गों की आंखों में भावुकता झलक आई।

### बुज़ुर्गों ने बच्चों को दिया आशीर्वाद

यह शाम सिर्फ एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि दिलों का मिलन और पीढ़ियों के बीच सेतु बन गई। संगीत के माध्यम से एक ऐसा भावनात्मक माहौल बना, जिसमें हर राग ने मानो जीवन की मधुरता और अपनापन घोल दिया। कार्यक्रम के समापन पर वृद्धाश्रम के बुज़ुर्गों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और अकादमी को धन्यवाद कहा कि उन्होंने इस अद्भुत पहल से उन्हें खुशियों से भर दिया।

## नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने ब्रह्माकुमारी में मार्गदर्शन कार्यक्रम

**कार्नर न्यूज**

# मन की जीत में छुपा है पॉजिटिव सोच का राज आज ही नेगेटिव थॉट्स को कहें बाय-बाय

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग के द्वारा होली हार्ट स्कूल सिविल लाइन्स में नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी और चेतना दीदी के मार्गदर्शन में विशेष सत्र आयोजित किया गया।

**रायपुर।** राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने बच्चों को बताया कि हमारे जीवन में मन की महत्वपूर्ण भूमिका है। शास्त्रों में भी लिखा है कि मन जीते जगत जीत अर्थात जिस व्यक्ति ने अपने मन को काबू में कर लिया, वह दुनिया पर राज कर सकता है। मन को जीतने के लिए हमें अपने अवचेतन मन में सदैव सकारात्मक विचार उत्पन्न करना सीखना होगा और नेगेटिव थाट्स को बाय-बाय करना होगा। ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने एक इन्टरव्यू में कहा था कि भारत देश ने कभी भी किसी देश पर पहले आक्रमण नहीं किया था। उसने जो भी युद्ध किया वह अपनी सुरक्षा के लिए किया।



### सुबह अवचेतन मन सक्रिय होता है

*आगे उन्होंने बच्चों को प्रेरणा देते हुए बताया कि रामायण में उल्लेख आता है कि हनुमान अपनी शक्तियों को भूल जाते थे। उन्हें समुद्र लांघने के लिए जामवन्त ने उनकी शक्तियों की याद दिलाई थी। ऐसे ही आज हम ब्रह्माकुमारी बहनें आप बच्चों को आपकी शक्तियों की याद दिलाने के लिए आई हैं। उन्होंने बताया कि हमारा अवचेतन मन एक जिन्न की तरह काम करता है। उसे सिर्फ जी हुजूर करना आता है। रात को नींद आने के दस मिनट पहले और सुबह सोकर उठने के दस मिनट पहले तक हमारा अवचेतन मन सक्रिय रहता है।*

### बच्चों को कराई फिजिकल एक्सरसाइज

इस समय हम उसे जैसा विचार देते हैं, वह वैसा व्यवहार करने लगता है। इसलिए, हमें रचनात्मक सोच की आदत डालनी चाहिए। कोई नेगेटिव बातें बोलता है तो उसे अनसुना कर आगे बढ़ना है। नेगेटिव बातें हमारे उमंग-उत्साह को कम कर देती हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में बच्चों को मन की एकाग्रता और सकारात्मक सोच रखने के लिए कुछ फिजिकल एक्सरसाइज भी कराई। जिससे पता चला कि बच्चे बड़ी ही तन्मयता के साथ पूरी बात को सुन और समझ रहे हैं।



# श्रीडी वॉल पेंटिंग से रेस्टोरेंट-मैरिज हाल को डिफरेंट लुक देने का ट्रेंड, प्री-वेडिंग के लिए बनवा रहे सेट

## राजधानी में 3डी रंगोली के बाद घर-आफिस के साथ धार्मिक स्थलों में भी थ्रीडी हायपर आर्ट की पूछ-परख

'घर-आफिस ही नहीं, धार्मिक स्थलों को भी डिफरेंट लुक देने के लिए थ्रीडी वॉल पेंटिंग को तवज्जो मिलने लगा है। इससे जुड़े आर्टिस्ट मानते हैं कि शहर में पांच सौ से ज्यादा युवाओं ने अलग-अलग ग्रुप में इसे स्टार्टअप के रूप में शुरू किया है। इससे जहां युवाओं के हाथों की थ्रीडी कलाकारी को पसंद किया जाने लगा है, वहीं रेस्टोरेंट और मैरिज हाल की दीवारों पर मूर्तियों का निर्माण करवाने की बजाय अब लोग वैसा एहसास हायपर थ्रीडी वॉल पेंटिंग से ले रहे हैं। दूर से देखने पर अलग-अलग मुद्रा में सजाई गई मूर्तियों की श्रृंखला से जुड़े इस आर्ट को लोग प्री-वेडिंग शूट के लिए सेट भी तैयार करवाने लगे हैं।'



**रायपुर।** किसी अवसर को खास बनाने के लिए मैरिज हाल, फार्म हाउस, रेस्टोरेंट ही नहीं, घर-आफिस के साथ ही अतिथि कक्ष को भी खास लुक देने में थ्रीडी वॉल पेंडिंग को ही पसंद करने लगे हैं। इसके चलते अब बड़े होटलों में भी इंटीरियर के रूप में पसंद किया जा रहा है। इस आर्ट से जुड़कर स्टार्टअप के रूप में थ्रीडी वॉल पेंटिंग से जुड़े 40 से ज्यादा युवाओं को जोड़ने के बाद काम शुरू किया। अभी तक शहर में सैकड़ों लोगों ने घर -आफिस को कम बजट में वॉल पेंडिंग में अपनी पसंद और स्पेस के अनुरूप बनवाने के लिए आर्डर करते हैं। आर्टिस्ट विनोद पांडा ने बताया कि थ्रीडी आर्ट में हायपर लुक को पसंद किया जा रहा है। इसमें बनाए जाने वाले प्राकृतिक सौंदर्य को लोग वॉल पेंडिग में थ्रीडी हायपर को देखकर पसंद करने लगे हैं।

### कलाकारों ने बनाया स्टार्टअप का हिस्सा

हाथों में गजब का हुनर रखने वाले युवाओं में अजय-विजय सहित दर्जनभर से ज्यादा युवा कलाकार नए कलेवर में थ्रीडी रंगोली आर्ट को अब स्टार्टअप का हिस्सा बना लिया है। उन्होंने बताया कि किसी प्रोजेक्ट की थ्रीडी डिजाइनिंग, वॉकथ्रू डिजाइनिंग,




वीएफएक्स डिजाइनिंग के साथ कैसा क्रिएटिव वर्क हो, इंटीरियर का आर्ट, गार्डन का सभी प्रकार के क्रिएटिव वर्क कंस्ट्रक्शन वर्क आर्ट से रिलेटेड मूर्तियां, स्विमिंग पूल वर्क, पुट्टी पेंट पॉलिश टेक्सचर रस्टिक वर्क गार्डनिंग, प्री- वेडिंग सेटअप, मैरिज हॉल के साथ ही प्राइवेट संस्थाओं में भी वॉल पेंटिंग वर्क से जुड़े कलाकारों की पूछ-परख अब शहर में बढ़ने लगी है।

### कई जरूरी सामग्री बेहद कारगर



उन्होंने बताया कि थ्रीडी वॉल पेंटिंग और दीवारों पर मूर्तियों की जगह प्लास्टिक पेंट, पिगमेंट सहित कई जरूरी सामग्री का उपयोग करके युवा कलाकार हर तरह की कृतियों को हूबहू उतारते हैं। इसलिए लोग इस आर्ट का उपयोग करते हुए अपने बिजनेस ही नहीं, बल्कि आफिस में मिलने के लिए आने वाले लोगों को भी खास एहसास देने के लिए पैसे भी खर्च करने से गुरेज नहीं करते हैं। इंटीरियर पर होने वाला खर्च भी कम हो जाता है। प्री-वेडिंग के लिए लोग अलग से सेटअप तैयार करवाने पर भी पैसा खर्च करते हैं।



### होटलों- संस्थानों में सजवा रहे थ्रीडी

*थ्रीडी आर्टिस्ट बताते हैं कि अब लोग किसी भी प्लेस को अलग लुक देना चाहते हैं। कम बजट में अलग एहसास आने वाले लोगों को करवाने के लिए लोग थ्रीडी हायपर थीम को ही ज्यादा पसंद करते हैं। इसके लिए बड़े होटलों के साथ ही प्राइवेट संस्थानों के मीटिंग हाल को थ्रीडी हायपर का रंग चाहते हैं। शहर के बड़े मैरिज हाल, पैलेस, रेस्टोरेंट, होटल के साथ ही 60 रुपए से लेकर 300 रुपए प्रति वर्गफीट की दर में मन चाहा लुक देने के लिए लोग थीम भी खुद ही देते हैं। कई लोग इंटीरियर की मदद से आर्ट का उपयोग करते हैं।*

**समाज लाइव**

# मरीजों-परिजनों को शीतल जल सेवा देने लगाई वाटर मशीन



**रायपुर।** शहर के डीकेएस अस्पताल में इलाज के लिए दूरदराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भीषण गर्मी में शीतल जल की सेवा देने के लिए वाटर मशीन लगाई गई। समाजसेवी संस्था "कुछ फर्ज हमारा भी' द्वारा शनिवार को एक नई सेवा की पहल की गई। विष्णु प्रसाद अग्रवाल एवं वीना अग्रवाल के सौजन्य से वाटर मशीन का शुभारंभ किया गया। यह मशीन डीकेएस अस्पताल के प्रांगण में स्थापित की गई है, जहां संस्था से जुड़े युवा प्रतिदिन दोनों समय निशुल्क भोजन वितरित करते हैं। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजनों को स्वच्छ, ठंडा पानी देते हुए गर्म पेयजल के उपयोग से राहत देना है।

### जहां बांटते हैं खाना, वहीं वाटर मशीन भी

इससे उनकी सुविधा और स्वास्थ्य दोनों को सहयोग प्राप्त होगा। संस्था के संस्थापक नितिन सिंह राजपूत ने बताया कि "जल सेवा, अन्न सेवा को प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाने की भावना से हम काम करते हैं। इसमें संस्था के पदाधिकारी संरक्षक राकेश अग्रवाल, सचिव स्मारिका राजपूत, कोषाध्यक्ष रजत अग्रवाल, भीम यादव, पूनम जुमनानी, डॉ. शेषा सक्सेना, तनूजा ललवानी ने सेवा के क्षेत्र में नई पहल शुरू की है। संस्था द्वारा की गई यह पहल न केवल जलसंकट, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए एक सकारात्मक प्रयास है।

**सिटी लाइव**

# मैग्नेटो प्रीमियर लीग में लखपति बनने पहुंच रहे युवा खिलाड़ी



**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में आयोजित मैग्नेटो प्रीमियर लीग का 22वां दिन खेल प्रेमियों के लिए बेहद खास रहा। दिनभर चले मुकाबलों में क्रिकेट का जुनून और खिलाड़ियों का जज्बा देखने लायक था। मैदान पर हर रन, हर विकेट और हर कैच ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पहला मैच बजरंग ट्रेडर्स और स्कॉय तेलीबांधा के बीच खेला गया, जिसमें कड़ी टक्कर देखने को मिली। बजरंग ट्रेडर्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच नमन रहे, जिन्होंने दमदार परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया।

### खिलाड़ियों का जोशीला माहौल

मैग्नेटो मॉल का माहौल पूरा दिन क्रिकेटमय बना रहा। दर्शकों ने तालियों और उत्साह से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। हर चौका-छक्का और विकेट पर मॉल गूंज उठा। खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया कि एमपीएल केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक खेल महोत्सव है। मैग्नेटो प्रीमियर लीग के विजेता को 1 लाख और उपविजेता को 50 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी। लगभग डेढ़ महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में नए चेहरे लगातार उभर रहे हैं, जो भविष्य के क्रिकेट सितारे बन सकते हैं।

# जुंबा के साथ मस्ती में डूबे बच्चे, मोबाइल से दूरी बनाने के लिए पहुंचे समर कैंप

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में किया गया समर कैंप का शुभारंभ- फोटो संत ज्ञानेश्वर




**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शुरू हुए समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने जूंबा डांस के साथ ही साथ खूब मस्ती की। कैंप का शुभारंभ सोमवार को सुबह मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद अरविंद दीक्षित व जोन 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी ने स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर और सह प्रभारी नवीन देशमुख के साथ दीप प्रज्वलन करके किया। वहीं, बच्चों ने सुमधुर स्वागत गीत से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सचिन मेघानी ने कहा कि आजकल के बच्चे मोबाइल के एडिक्ट होते जा रहे हैं। ऐसे में समर कैंप बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए कारगर प्रयास है। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने वर्षों विद्यालय के संस्कार व शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की जानकारी दी।

### दिशा- निर्देश लेकर बच्चे घर लौटे

स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने समर कैंप को लेकर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और समय का सदुपयोग करने की सराहना की। शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि शुक्रवार, शनिवार को अधिक संख्या में बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन विभिन्न एक्टिविटीज के लिए करवा लिया था। जो ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुए उन बच्चों को उनकी पसंदीदा एक्टिविटीज कराई गई। आज बच्चों के जुंबा डांस, खेलकूद, फायर लैस कुकिंग और आर्ट एंड क्राफ्ट की क्लासेस ली गई। बच्चों ने उत्साह के साथ इनमें भाग लिया। मंगलवार की तैयारी के लिए प्रशिक्षकों से दिशा- निर्देश लेकर बच्चे घर लौटे।

### दो एक्टिविटीज में ले सकेंगे भाग

अभिभावकों के दबाव के चलते समर कैंप में विभिन्न एक्टिविटीज को शामिल किया गया। इसके लिए बच्चों का रजिस्ट्रेशन अभी जारी है। एक विद्यार्थी दो एक्टिविटीज में हर दिन भाग ले सकता है। लगभग सौ से अधिक बच्चों के साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं कैंप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आराधना लाल ने किया। बच्चों और अतिथियों को समर कैंप की संपूर्ण जानकारी अपर्णा आठले ने दी। शुभारंभ को लेकर मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन का विशेष मार्गदर्शन रहा।

# दादाबाड़ी में सोने-चांदी के बरक व दिव्य औषधियों से 18 अभिषेक महापूजन आज



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में प्राण प्रतिष्ठित सभी प्रतिमाओं का सोने-चांदी के बरक व दिव्य ओषधियों, पवित्र नदियों के सुगंधित जल इत्यादि से 18 अभिषेक महापूजन विधान मंगलवार प्रातः 9 बजे से होगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि वर्ष भर में हुई अशातनाओं से शुद्धिकरण के लिए ध्वजारोहण के पूर्व 18 अभिषेक विधान किया जाता है। जिनमंदिर की सभी 18 प्रतिमाओं का 18 श्रद्धालु परिवारों द्वारा मंत्रोच्चार व द्रव्यों से प्रसिद्ध विधिकारक श्री विमल गोलेछा के मार्गदर्शन में विधान सम्पन्न किया जावेगा।

### श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा

मंगलवार रात्रि 8 बजे से नाकोड़ा भवन में सीम झाबक व दीप्ती बैद द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 'आवाज की शक्ति - प्रभु की भक्ति' एकल गीत प्रतियोगिता होगी। ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी के शुभ आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर, आध्यात्म योगी श्री महेन्द्र सागर जी के सुशिष्य उपाध्याय श्री मनीष सागर जी म सा के सुशिष्य श्री ऋषभ सागर जी आदि ठाणा के पावन सानिध्य में आयोजित है। 23 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सत्तरभेदी पूजा होगी। वर्तमानकाल में महाविदेह क्षेत्र में विचरण कर रहे तीर्थंकर परमात्मा श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

# सोने से पहले मोबाइल नहीं, भगवान को थामिए, नींद भी सुकून की आएगी

**रायपुर।** श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के सप्तम दिवस में विष्णु मंगलम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री ने दिव्य कथा भाग में कहा कि सभी लोगों का हित करने का सोचने वाला ही सच्चा है। राजनीतिज्ञ होता है, लेकिन आज राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐशो आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। आचार्यश्री ने कहा, भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है। आज देश में देश की सुरक्षा के लिए सिपाहियों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत लिया। संस्कार और वचनों का क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए। जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया। रात्रि में सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए, तो अच्छी नींद आएगी। खराब सपना परेशान नहीं करेंगे।



### निर्गुण ब्रह्म का ध्यान संभव हो सकता है

भगवान के तीन रूप हैं। निर्गुण निराकार, सगुण निराकार और सगुण साकार। सगुण साकार रूप से ध्यान, पूजा, आराधना करते-करते मन और चित्त की चंचलता समाहित हो जाए तो निर्गुण ब्रह्म का ध्यान संभव हो सकता है। क्योंकि, मन बहुत चंचल है। रसिक भी है। उसे वश में करने के लिए सुमधुर नाम, रूप का आलंबन लेकर वश में कर सकते हैं। इसलिए, भगवान के हजारों नाम से भक्तों द्वारा सहस्रार्चन करने की परंपरा है। भगवान तो एक ही हैं।

### बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें

भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं। यही कारण है कि उनके बच्चे दूध, मक्खन, रबड़ी, मलाई का स्वाद नहीं जानते। जब तक बच्चों को संस्कार नहीं देंगे, तब तक आकार भी नहीं बनेगा। बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें, नहीं तो तकलीफें बढ़ती रहेंगी। वर्तमान में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकना तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। सात्विक आहार के सेवन से काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, कलह रूपी दोष, दुर्गुणों से विजय प्राप्त कर सकते हैं। शास्त्रीजी ने इस अवसर पर भगवान के विविध लीलाओं का चिंतन कराते हुए कहा- सनातन धर्म में पंचदेव उपासना का विधान है। एक ही भगवान के कई रूपों में अवतार होता है। इससे भक्तों को उपासना करने में सुगमता होती है। तत्वता परमात्मा एक ही है। नाम, रूप, लीला, धाम के भेद से कई रूपों में दर्शन प्रदान कर भक्तों के ऊपर अनुग्रह करते हैं।



ज्योतिष

## 23 मई से चमकेगी इन राशियों की किस्मत, शुक्र के घर में होगा बुध का गोचर



वैदिक ज्योतिष शास्त्र में बुध को सभी ग्रहों के राजकुमार का दर्जा दिया गया है। यह मनुष्य के ज्ञान और बुद्धि प्रभावित करता है। बुधदेव को सामाजिक जीवन, कारोबार, करियर, वाणी इत्यादि का कारक भी माना जाता है। कुंडली में बुध की मजबूत स्थिति किसी भी व्यक्ति को सफल बना सकती है। जीवन से धन की समस्याओं को दूर कर सकती है। व्यक्ति तर्कशक्ति और गणित में माहिर होता है। व्यक्तित्व में भी निखार आता।

बुध समय-समय पर अपनी चाल बदलते हैं। कभी नक्षत्र तो कभी राशि परिवर्तन करते रहते हैं। 23 मई का दिन बेहद ही खास होने वाला है। क्योंकि बुद्धि के दाता असुरों के गुरु शुक्र की राशि वृषभ में गोचर करने जा रहे हैं। सभी 12 राशियों का जीवन प्रभावित होगा। किसी को इससे फायदा तो किसी को नुकसान होगा। कुछ लोगों के लिए यह समय किसी वरदान से कम नहीं होगा। लिए जाने ये भाग्यशाली लोग कौन हैं?

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए बुध की यह चाल किसी वरदान से काम नहीं होगी। कारोबार और करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होंगे। इस दौरान बिजनेस से जुड़े लोगों को कोई बड़ी डील मिल सकती है। सरकारी नौकरी की इच्छा भी पूरी हो सकती है। प्रेमियों को भी इस दौरान फायदा होगा। नव विवाहित जोड़े को संतान सुख मिल सकता है। इनकम में भी वृद्धि होगी।

**मेष राशि :** बुध का यह गोचर मेष राशि के जातकों पर धन वर्षा करने वाला है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलेगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। कठिन से कठिन समस्याओं का सामना करने में आप सफल होंगे। छात्रों के लिए भी यह समय शुभ रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। संतान से जुड़ी चिंताएं दूर होगी सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को भी इस दौरान खूब फायदा होने वाला है। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। समय पर सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। मेहनत का फल मिलेगा। प्रमोशन के योग बन रहे हैं। संतान की ओर आपकी सारी जिम्मेदारियां पूरी होगी। प्रेम संबंध के लिए भी यह समय अच्छा रहेगा। विवाह के योग बन रहे हैं।

## घर से निकलते समय इन 5 चीजों का होना है लाभ का संकेत, हर तरफ से आएगी खुशहाली



शकुन शास्त्र ज्योतिष से जुड़ी एक ऐसी विद्या है, जो हमें व्यक्ति के जीवन में होने वाली शुभ और अशुभ घटनाओं की जानकारी देती है। एक बार ऐसा होता है कि जब हम कोई जरूरी काम करना चाहते हैं तो हमें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में व्यक्ति यह नहीं समझ पाता कि आखिरकार ऐसी क्या चीज है जो उसके कामों में अड़ंगा लगा रही है।

जिस तरह से काम में परेशानी आती है इस तरह से कई बार ऐसा भी होता है कि हमें जिस चीज की उम्मीद भी नहीं होती वह भी पूरी हो जाती है। हर तरफ से शुभ समाचार मिलने लगते हैं और समस्याएं समाप्त हो जाती है। अपने आसपास होने वाले कुछ चीजों को अगर हम समझ ले तो शकुन अपशकुन की पहचान आसानी से कर सकते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम घर से निकलते हैं तो कुछ ऐसी चीज होती है, जो हमें लाभ का इशारा देती है। चलिए आज आपको इसी के बारे में बताते हैं।

**पैसों का गिरना :** कई बार जब हम कहीं जाने के लिए तैयार होते हैं तो हमारी जेब से पैसे गिर जाते हैं। यह एक शुभ संकेत होता है जो हमें धन लाभ होने की जानकारी देने का काम करता है। अगर पैसे, कपड़े उतारते समय गिर रहे हैं तो यह भी धन लाभ होने का संकेत है।

**कुंवारी लड़कियों को देखना :** कई बार जब हम घर से निकलते हैं तो कुछ लोगों को या लड़कियों को आपस में बात करते हुए देखते हैं। यह चीज उस समय बेहद शुभ मानी गई है जब आप वर या वधू के लिए लड़का या लड़की देखने जा रहे हैं। यह बहुत अच्छा सुकून होता है जो रिश्ता होने के योग बनता है।

**पक्षी का बीट करना :** कई बार जरूरी काम के लिए जाते समय पक्षी हमारे ऊपर बीट कर देता है। यह चीज हमें परेशान जरूर कर देती है लेकिन यह काफी शुभ माना गया है। संकेत है कि जीवन से दरिद्रता समाप्त होने वाली है और ढेर सारी खुशियों का आगमन होगा।

**गाय का आना :** जब हम घर से निकल रहे हैं और अचानक हमें गाय दिखाई दे रही है या फिर कोई विवाहित महिला नजर आ रही है तो यह बहुत शुभ माना जाता है। यह संकेत हमें बताता है कि हम जिस काम के लिए घर से निकल रहे हैं उसमें हमें सफलता की प्राप्ति जरूर होने वाली है।

स्वादिष्ट और अनोखे व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं

# बेल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद, सिर्फ शरबत ही नहीं, बनाए जा सकते हैं और भी स्वादिष्ट व्यंजन

बेल एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आमतौर पर लोग बेल का उपयोग पेय या मिठाई में करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे कई स्वादिष्ट और अनोखे व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं? आइए आज हम आपको बेल से बनाए जाने वाले कुछ अनोखे और स्वादिष्ट व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो आपके खाने के अनुभव को और भी खास बना देंगे।



### बेल की चटपटी चाट

बेल की चटपटी चाट एक अनोखा और स्वादिष्ट व्यंजन है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेल को उबालकर उसका गूदा निकाल लें, फिर इस गूदे को मसालों जैसे चाट मसाला, भुना जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हरी मिर्च और धनिया पत्ते के साथ मिलाकर पकाएं। इसमें थोड़ा नींबू का रस डालें और इसे अच्छी तरह से मिलाएं। यह चटपटी चाट शाम के नाश्ते के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

### बेल की खीर

बेल की खीर एक मिठाई है, जो खास मौकों पर बनाई जा सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेल को उबालकर उसका गूदा निकाल लें, फिर दूध और चीनी के साथ पकाएं। इसमें इलायची पाउडर और सूखे मेवे मिलाएं ताकि इसका स्वाद और भी बढ़ जाए। इसे धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि यह गाढ़ी न हो जाए। ठंडा होने पर परोसें और इसका आनंद लें।

### बेल का हलवा

बेल का हलवा एक अनोखा मिठाई है, जिसे आप खास मौकों पर बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेल को उबालकर उसका गूदा निकाल लें, फिर घी में सूजी डालकर भूनें और उसमें बेल का गूदा मिलाएं। इसके बाद इसमें दूध, चीनी और इलायची पाउडर डालकर पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। ऊपर से सूखे मेवे डालकर इसे परोसें और इसका आनंद लें।

### बेल का रायता

गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता खाना सबको पसंद होता है। बेल का रायता भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे बनाने के लिए दही को फेंट लें और उसमें बेल का गूदा मिलाएं। साथ ही नमक, भुना जीरा पाउडर और हरी धनिया डालकर अच्छी तरह मिलाएं। यह रायता खाने के साथ-साथ आपके पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इन सभी व्यंजनों को बनाकर देखें और अपने खाने के अनुभव को नया स्वाद दें।

## गर्मी में सत्तू स्वास्थ्य के लिए लाभदायक देगा ठंडक और वजन घटाने में मदद

गर्मियों की तपती धूप और लू से बचने के लिए ऐसे पेय पदार्थों का सेवन ज़रूरी होता है जो शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ पोषण भी दें। ऐसे में सत्तू एक परंपरागत और प्राकृतिक सुपरफूड के रूप में काफी लोकप्रिय है। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर तैयार किया जाता है और शरीर को ठंडा रखने, एनर्जी देने और हाइड्रेटेड बनाए रखने में कारगर होता है।

**गर्मियों में सत्तू पीने से मिलने वाले लाभः** शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाता है। सत्तू की तासीर ठंडी होती है, जिससे यह शरीर का तापमान नियंत्रित करता है और अधिक पसीने तथा डिहाइड्रेशन से बचाता है।

**लू से बचाव में मददगार :** गर्मियों में लू लगना आम बात है। सत्तू का शरबत शरीर के इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित करता है, जिससे लू से सुरक्षा मिलती है।

**हाइड्रेटेड बनाए रखता है :** गर्म मौसम में पसीना अधिक निकलने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। ऐसे में सत्तू का सेवन शरीर में पानी और मिनरल्स की पूर्ति करता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** फाइबर से भरपूर सत्तू कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतों से राहत दिलाने में मदद करता है।



### इंस्टेंट एनर्जी देता है

सत्तू में मौजूद कार्ब्स और प्रोटीन शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे गर्मी में थकान महसूस नहीं होती।

### वज़न नियंत्रण में सहायक

फाइबर की अधिकता के कारण सत्तू पेट भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे भूख कम लगती है। यह वज़न बढ़ाने और घटाने दोनों में सहायक हो सकता है, बस मात्रा का संतुलन जरूरी है।

### त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को निखारने और बालों को मज़बूती देने में सहायक होते हैं। यह शरीर को डिटॉक्स भी करता है।

### ब्लड शुगर और बीपी कंट्रोल करता है

लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स के चलते सत्तू डायबिटीज के मरीज़ों के लिए लाभकारी है और यह ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित रखने में मदद करता है।

## गैस से रहते हैं परेशान तो तुरंत बना लें इन चीजों से दूरी, मिलेगी राहत

अनहेल्दी फूड की वजह से आजकल ज्यादातर लोग गैस और अपच की समस्या से परेशान रहते हैं। गैस्ट्रिक की वजह से पेट में सूजन, बेचैनी, जलन और एसिडिटी होने लगती है। जिसकी वजह से व्यक्ति बेहद परेशान होने लगता है। लेकिन आप अगर अपनी डाइट पर ध्यान दें तो आप गैस की समस्या से छुटकारा बड़ी आसानी से पा सकते हैं। आइए जानते हैं न्यूट्रिशनिस्ट और वैलनेस एक्सपर्ट कत्याल से आखिर पेट में गैस बनने पर व्यक्ति को किन चीजों से परहेज करना चाहिए।



**फास्ट फूड से बना लें दूरी**-गैस्ट्रिक से परेशान लोगों को अपनी डाइट से फास्ट फूड को हटा देना चाहिए। फास्ट फूड में फाइबर की मात्रा कम होती है। इसका सेवन करने से पाचन क्रिया को अधिक कार्य करना पड़ता है, जिसकी वजह से पाचन क्रिया अपना काम अच्छी तरह नहीं कर पाती है और व्यक्ति को कब्ज की शिकायत होने लगती है।

**कच्चे केले को भी करें डाइट से बाहर**-गैस की समस्या से परेशान लोग केले का सेवन करने से बचें। कच्चे केले का सेवन करने से व्यक्ति को कब्ज की समस्या हो सकती है। कच्चे केले के अंदर फाइबर कम मात्रा में मौजूद होते हैं। वहीं पके हुए केले में घुलनशील फाइबर मौजूद होने की वजह से ये कब्ज और गैस की समस्या से छुटकारा दिला सकता है।

**बींस**-गैस की समस्या होने पर खासकर रात में बींस का सेवन करने से बचें। बींस के अंदर रेफिनोज मौजूद होते हैं, जिसके कारण खाना पचाने में दिक्कत महसूस हो सकती हैं। बता दें कि छोटी आंत और बड़ी आंत से होता हुआ रेफिनोज जब बैक्टीरिया द्वारा टूटता है तो कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन गैस आदि उत्पादित होते हैं। ऐसे में इसका सेवन रात में ना करें। खास तौर पर गैस होने पर भी उसको अपनी डाइट से निकालें।

**डेरी प्रोडक्ट**-गैस की समस्या होने पर डेरी प्रोडक्ट का भी सेवन न करें। इसकी जगह आप दही को अपनी डाइट में जोड़ सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके अंदर प्रोबायोटिक्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो गट की सेहत के लिए अच्छा होता है।



## बच्चों की डाइट में रागी शामिल करने के लिए अपनाएं ये शानदार तरीके, नहीं करेंगे आनाकानी

इन दिनों सभी माएं रागी के आटे के स्वास्थ्य लाभों को पहचान रही हैं। यह आटा प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और फाइबर जैसे तत्वों से लैस होता है, जो बच्चों के विकास में मददगार साबित होते हैं। हालांकि, बच्चों को ऐसे खाद्य पदार्थ खिलाना एक मुश्किल काम होता है, क्योंकि उन्हें उसका स्वाद जल्दी पसंद नहीं आता। अगर आपका बच्चा भी रागी खाने में आना-कानी करता है तो उसकी डाइट में इस आटे को इन तरीकों से शामिल करें।

**रागी के आटे के पैनकेक :** बच्चे पैनकेक बड़े ही चाव से खाते हैं, इसीलिए उन्हें मैदे के बजाय रागी के आटे से यह व्यंजन बनाकर परोसें। सबसे पहले एक कटोरे में रागी का आटा, कोको पाउडर, पिसी हुई चीनी, नामक और बेकिंग पाउडर मिला दें। दूसरे बर्तन में दूध, वनिला का अर्क और पिघला हुआ मक्खन मिलाएं। अब गीली और सूखी सामग्रियों को एक साथ मिलाकर बैटर तैयार करें। इसमें थोड़ी पिघली चॉकलेट और चॉकलेट चिप्स डालें और तवे पर सेंक लें।

**रागी के आटे का डोसा :** रागी के आटे की रोटी खाने में बच्चे आना-कानी कर सकते हैं, लेकिन वे इससे बना डोसा मजे से खा लेंगे। इसे बनाने के लिए रागी का आटा, चावल का आटा, खट्टी दही, नमक, हरा धनिया, हरी मिर्च और प्याज को एक साथ मिला लें। अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालते जाएं और मिश्रण तैयार कर लें। इस बैटर में राई, करी पत्ते और लाल मिर्च का तड़का लगाएं। इसके बाद, तवे पर हल्का तेल डालें और बैटर डालकर सेंक लें।

**रागी के आटे के मफिन :** बच्चों को रागी का आटा खिलाने का सबसे मजेदार तरीका है उसके मफिन बनाना। इसके लिए मफिन ट्रे में मक्खन लगा लें और ओवन को प्री-हीट कर लें। एक कटोरे में गेहूं का आटा, रागी का आटा, नमक और पिसी चीनी मिलाएं। दूसरे कटोरे में तेल, मीसा हुआ केला, वेनिला का अर्क और दूध मिलाएं। दोनों मिश्रणों को धीरे-धीरे मिलाएं, जब तक मुलायम बैटर न बन जाए। इसमें चॉकलेट चिप्स मिलाकर मफिन के सांचों में डालें और बेक कर लें।



### रागी के आटे के लड्डू

अगर आपका बच्चा बार-बार मिठाई खाने की जिद करता है तो उसे रागी के आटे से बने लड्डू खिलाएं। इसकी रेसिपी की शुरुआत रागी के आटे को सूखा भूनने से होगी। अब दूसरे पैन में मूंगफली, काजू, अखरोट और बादाम को सूखा भूनें। मिस्की में ये सूखे मेवे, नारियल, गुड़, किशमिश और इलायची डालकर पीस लें। अब मेवों का पाउडर, रागी का आटा और दूध मिलाकर गोल-गोल लड्डू बना लें।

### रागी के बिस्कुट

अपने बच्चे को मैदे के बिस्कुट देने की जगह रागी के आटे के पौष्टिक बिस्कुट बनाकर खिलाएं। इसके लिए एक कटोरे में रागी का आटा, गेहूं का आटा, कोको पाउडर, गुड़ का पाउडर, बेकिंग पाउडर और नमक डालकर मिलाएं। अब इसमें दूध, मक्खन और वेनिला का अर्क डालकर मिलाएं और मुलायम आटा गूंध लें। इस आटे के गोल-गोल पेड़े बनाएं और बेकिंग ट्रे पर मक्खन लगाकर इन्हें रख दें। ओवन में बेक करने के बाद आपके बिस्कुट तैयार हो जाएंगे।

# सिर्फ कैल्शियम से ही हड्डियां मजबूत नहीं होती, ये भी हैं हेल्दी ऑप्शन

### बीज

नट्स की तरह, बीज आपको कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस प्रदान करते हैं। बीज फाइबर और ओमेगा -3 फैटी एसिड भी प्रदान करते हैं, जो एक प्रकार का पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड होता है। ये कोलेस्ट्रॉल और शरीर में इन्फ्लेमेशन को कम करते हैं और आपके मस्तिष्क को सुचारू रूप से काम करने में मददगार होते हैं। चिया, अलसी, कद्दू के बीज, और तिल आपके आहार में शामिल करने के लिए कुछ बेहतरीन बीज हैं।

### सभी तरह के बीन्स

सभी प्रकार के बीन्स में मैग्नीशियम, कैल्शियम और फास्फोरस की अच्छी मात्रा होती है, जो हड्डियों को मजबूती देते हैं। इसके अलावा, बीन्स आमतौर पर फाइबर और प्रोटीन में उच्च होते हैं, जो हड्डियों के लिए फायदेमंद है। बीन्स आपके शरीर को भी कई पोषक तत्व प्रदान कर सकते हैं।



### नट्स या सूखे मेवे

नट्स में कैल्शियम होता है, लेकिन ये हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक दो अन्य पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं: मैग्नीशियम और फास्फोरस। फास्फोरस हड्डियों का एक प्रमुख घटक है – नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ, अमेरिका के अनुसार, आपके शरीर में फास्फोरस का लगभग 85 प्रतिशत आपकी हड्डियों और दांतों में पाया जाता है।

### कुछ मछलियां होती हैं बेहतरीन

विटामिन D आपकी हड्डियों के लिए बेहतरीन है और सिर्फ आहार से आपको पर्याप्त विटामिन डी नहीं मिलेगा। इसलिए वसायुक्त मछली जैसे सैल्मन, टूना और रेनबो ट्राउट में इसकी अच्छी मात्रा होती है। फैटी फिश विटामिन डी के सबसे अच्छे खाद्य स्रोतों में से हैं। यूएसडीए के अनुसार, ताजा स्मोक्ड ट्यूना का एक औंस सनशाइन विटामिन का एक अच्छा स्रोत है। जबकि सैल्मन का एक छोटा, 3.25-औंस एक उत्कृष्ट स्रोत है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर
विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने गर्लफ्रेंड से की शादी



हॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि लॉस एंजिल्स में करीबी लोगों के बीच क्रिस्टन ने अपनी गर्लफ्रेंड से शादी की है। रविवार यानी 20 अप्रैल को यह शादी हुई। क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर साल 2019 में रिलेशनशिप में आए, दोनों ने लगभग सात साल तक डेट किया। साल 2021 में दोनों ने अपने करीबी लोगों के बीच ही सगाई भी की थी। इसके बाद अकसर ही इन दोनों को पब्लिक इवेंट्स पर साथ देखा गया। क्रिस्टन के फैंस जानना चाहते थे कि वह शादी कब करेंगी? टीएमजेड की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टीवर्ट और उनकी गर्लफ्रेंड ने कोर्ट हाउस से शादी का लाइसेंस हासिल करने के बाद दोस्तों और परिवार के बीच सादे अंदाज में शादी की। इस शादी में एक्ट्रेस एशले बेन्सन और उनके पति ब्रैंडन डेविस भी शामिल थे। क्रिस्टन स्टीवर्ट की शादी की खबरें अब सामने आ रही हैं तो क्या वह अपने हॉलीवुड कुलीग्स को पार्टी भी देंगी। इस बात का हिंट उन्होंने साल 2022 में ही दे दिया था। एक इंटरव्यू में क्रिस्टन ने कहा था, 'मैं जब भी शादी करूंगी तो एक बड़ी पार्टी करना चाहूंगी।'

### टॉलीवुड

## अजीत कुमार को बेल्जियम रेसिंग में मिला दूसरा स्थान, लाइन में लगे फैंस से एक्टर ने की मुलाकात



एक्टर अजीत कुमार कई दुर्घटनाओं का सामना करने के बाद अब उन्होंने रेसिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ने बेल्जियम के प्रतिष्ठित स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट में ये उपलब्धि पाई है। उन्हें देखने के लिए उनके चाहनेवालों की भीड़ ने जीत के बाद बुरी तरह घेर लिया था। एक्टर कई सालों से इंटरनेशनल रेसिंग इवेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और लोगों का प्यार बटोर रहे हैं। उन्हें हाल के दिनों में कई बार चोट भी आई लेकिन बावजूद इसके उन्होंने मजबूती से कमबैक किया और सबको चौंका दिया। अजीत कुमार की जीत का जश्न न सिर्फ उनक फैंस ने मनाया। बल्कि इंडस्ट्री के दोस्त और टीम ने भी खूब एक्साइटमेंट दिखाई। उनके मैनेजर सुरेश चंद्रा का तो गर्व से सीना चौड़ा हो गया था। वह खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। सोशल मीडिया पर उन्होंने ही इस गुड न्यूज को शेयर किया था। लिखा था, 'मोटरस्पोर्ट के लिए गर्व का पल। अजीत कुमार और उनकी टीम ने बेल्जियम के स्पा फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट में शानदार P2 पोडियम फिनिश हासिल की।' 'गुड बैड अग्ली' के डायरेक्टर आदिक रविचंद्रन ने भी लिखा, 'भारतीय मोटरस्पोर्ट के लिए ये गर्व का पल है। अजीत सर और उनकी टीम की जीत हुई।' मैनेजर सुरेश ने तो एक और पोस्ट किया और उसमें एक्टर और उनकी टीम का दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पोडियम पर कदम रखते हुए उस पल को इंजॉय कर रहे थे। हालांकि जिस जीत ने ज्यादा दिल जीता वो था अजीत का अपने से आगे वाले रेसर्स के लिए ताली बजाना।

### भोजपुरी

## पूनम दुबे ने गौरव जैन संग लिए सात फेरे रवि किशन-मनोज तिवारी का धमाल



भोजपुरी एक्ट्रेस पूनम दुबे ने गोवा में बॉयफ्रेंड गौरव जैन से शादी कर ली है। गोवा में हुई इस ग्रैंड वेडिंग की खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वरमाला से लेकर सिंदूरदान तक की झलक देखने को मिल रही है। इस शादी में मनोज तिवारी और रवि किशन ने भी शिकरत की। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस पूनम दुबे ने शादी कर ली है। बीते शुक्रवार को गोवा में एक भव्य समारोह में उन्होंने गौरव जैन के साथ सात फेरे लिए हैं। एक्ट्रेस ने जहां सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें शेयर की हैं, वहीं सिनेमा जगत से भी तमाम एक्टर-एक्ट्रेस, फिल्ममेकर्स और फैंस उन्हें शादी की बधाई दे रहे हैं। पूनम दुबे की शादी में शिरकत करने के लिए भोजपुरी के सुपरस्टार और सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन भी गोवा पहुंचे थे। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फोन पर पूनम और गौरव को शादी की शुभकामनाएं दी हैं। पूनम दुबे की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक, यह शादी 18 अप्रैल को गोवा के मशहूर ला कबाना रिजॉर्ट में आयोजित हुई। इस खास मौके पर मनोज तिवारी और रवि किशन वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे। भोजवुड से सुपरस्टार यश कुमार मिश्रा, एक्ट्रेस शुभी शर्मा, विकास सिंह वीरप्पन समेत कई फिल्मी सितारों और पूनम के करीबी दोस्त ने पूनम की जिंदगी की इस नई शुरुआत के साक्षी बने। पूनम दुबे ने पति गौरव जैन के फिल्मी दुनिया से नहीं हैं। बताया जाता है कि वह बिजनसमैन हैं। उनके बारे में बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन बताया जाता है कि पूनम और गौरव लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे।

## मेहंदी फंक्शन के लिए बेस्ट आउटफिट्स

लाइफ स्टाइल




गर्मियों में होने वाले मेहंदी समारोह के लिए हल्के, हवादार और स्टाइलिश आउटफिट्स पसंद किए जाते हैं। ये गर्मियों में आरामदायक होने के साथ पहने हुए ट्रेंडी भी लगते हैं। लहंगा चोली मेहंदी के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला आउटफिट माना जाता है। अपने मेहंदी फंक्शन के लिए आप हरे, पीले, गुलाबी या मल्टीकलर लहंगे के साथ हैवी एम्ब्रॉइडरी या मिरर वर्क वाली चोली पसंद कर सकते हैं। इसके साथ फ्लोरल ज्वेलरी और खुले बाल इस लुक को पूरा करेंगे।

# समझ नहीं आ रहा आपके चेहरे पर कौन-सी नथ लगेगी सबसे सुंदर? जानें कैसे समझें

भारत के इतिहास में गहनों का खास महत्व रहा है, चाहे वह हार हो या बालियां। हालांकि, आज भी जिस गहने के बिना श्रृंगार अधूरा माना जाता है, वह है नथ। मंगलसूत्र की तरह यह भी शादीशुदा महिलाओं के सुहाग की निशानी होती है, जो कई अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध रहती है। आज के समय में तो इसे कुंवारी लड़कियां भी शौक से पहनती हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपके चेहरे पर किस तरह की नथ अच्छी लगेगी।

**गोल चेहरे वाली महिलाओं के लिए :** गोल चेहरे वाली महिलाओं को ऐसी नथ पहननी चाहिए, जिसमें उनका चेहरा थोड़ा लंबा लगे और लोगों का ध्यान उसपर जाए। ऐसे डिजाइन वाली नथ का चुनाव करें, जिनमें नीचे की ओर लटकने वाले पेंडेंट या मोती लगे हों। छोटे फूलों के डिजाइन वाली नथ गोल चेहरे पर अच्छी लगती हैं, खासकर अगर उनमें छोटे-छोटे मोती भी



लगे हों। गोल चेहरे पर बीडेड यानि नग वाली नथ भी शानदार लगती हैं।

**चौकोर चेहरे वाली महिलाओं के लिए :** जिन महिलाओं का चेहरा चौकोर होता है, उनके लिए छोटे आकार की नथें बेहतर विकल्प हो सकती हैं। ऐसी नथ उनके चेहरे के फीचर्स को निखार सकती हैं। अगर आपकी नाक लंबी और नुकीली है तो आपको बालियों वाली नाक की कील पहननी चाहिए। बड़ी और भारी नथें चौकोर चेहरे की चौड़ाई को और बढ़ा सकती हैं। मध्यम आकार की नथें भी एक अच्छा विकल्प हो सकती हैं, खासकर अगर वे हल्के हार और बाली के साथ पहनी जाएं।

### लंबे चेहरे वाली महिलाओं के लिए

लंबे चेहरे वाली महिलाओं के ऊपर रंग-बिरंगे नग वाली या मोतियों वाली नथ बहुत अच्छी लगती हैं। इन्हें पहनकर आपका चेहरा थोड़ा चौड़ा और भरा हुआ दिखाई दे सकता है। गोल या हूप वाली नथ और ज्यादा डिजाइनर नथ भी लंबे चेहरे वाली महिलाओं पर जंचती हैं। हॉरिजोंटल रेखाओं वाली नथ भी आपके चेहरे के आकार को संतुलित दिखाने में मदद कर सकती हैं। लंबे चेहरे पर भारी नथ पहनने से बचना चाहिए, वर्ना चेहरा और लंबा दिख सकता है।

### हर महिला पर जंचने वाली नथ

कुछ नथ ऐसी डिजाइन की होती हैं कि वे किसी भी प्रकार के चेहरे पर अच्छी लगती हैं। इन्हें कई अवसरों और पार्टियों में पहना भी जा सकता है। इनमें से एक है हीरे की नथ, जिसे एक सदाबहार जेवर की तरह देखा जाता है। हालांकि, हीरे का आकार आप अपनी पसंद और सुविधा के हिसाब से चुन सकती हैं। इसके अलावा, फूलों वाली नथ भी हर भारतीय महिला के चेहरे की शोभा बढ़ा सकती हैं।

# शादी में पहनने के लिए चुन सकती हैं ये कपड़े, लगेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत

फैशन



शादी का समय हर लड़की के जीवन का सबसे खास और यादगार पल होता है। इस दिन हर लड़की चाहती है कि वह सबसे सुंदर और आकर्षक दिखे। सही कपड़े चुनना इस दिन को खास बना सकता है। भारतीय कपड़े जैसे साड़ी, लहंगा, अनारकली सूट और गाउन हमेशा से ही शादी के लिए पसंदीदा विकल्प रहे हैं। आइए जानें कि शादी में कौन-सा परिधान आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा और आपको किस रंग का चुनाव करना चाहिए।

**बनारसी साड़ी :** बनारसी साड़ी भारतीय शादी के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसका भारी कढ़ाई वाला बॉर्डर और चमकदार कपड़ा इसे खास बनाते हैं।लाल, हरे या नारंगी रंग की बनारसी साड़ी हमेशा पसंदीदा रहती हैं। इसे पहनकर आप शाही अंदाज में दिख सकती हैं। इसके साथ भारी गहने और पारंपरिक जूड़े की सजावट आपके लुक को और भी खास बना सकती है। बनारसी साड़ी न केवल सुंदर दिखती है, बल्कि यह आरामदायक भी होती है।

**लहंगा चोली :** लहंगा चोली भी शादी के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें स्कर्ट, ब्लाउज और दुपट्टा शामिल होते हैं, जो आपको एक शाही लुक देते हैं। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, लेकिन लाल या गुलाबी रंग हमेशा ही खास लगते हैं। इसके साथ हल्के गहने पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे। लहंगा चोली पहनकर आप न केवल सुंदर दिख सकती हैं, बल्कि यह आपको एक राजसी अंदाज भी देती है।

**अनारकली सूट :** अनारकली सूट आजकल बहुत चलन में हैं और यह भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें लंबे कुर्ते और चौड़ी पैंट्स शामिल होती हैं, जो आपको एक पारंपरिक लेकिन आधुनिक लुक देती हैं। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, लेकिन गहरे रंग जैसे नीला या मरून बहुत अच्छे लगते हैं। इसके साथ हल्के गहने और हल्का मेकअप आपके लुक को पूरा करते हैं।

**गाउन :** अगर आप कुछ अलग पहनना चाहती हैं तो गाउन भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि आरामदायक भी होता है। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, लेकिन सुनहरे या सिल्वर रंग बहुत अच्छे लगते हैं। इसके साथ हल्के गहने और हल्का मेकअप आपके लुक को पूरा करते हैं। गाउन पहनकर आप न केवल सुंदर दिख सकती हैं, बल्कि यह आपको एक राजसी अंदाज भी देती है।

**सही रंग का चयन कैसे करें :** रंगों का चयन करते समय अपने चेहरे की रंगत पर ध्यान दें। अगर आपकी त्वचा गहरी रंगत वाली है तो हल्के रंग जैसे गुलाबी या नीला आपके लिए अच्छे रहेंगे, वहीं अगर आपकी त्वचा हल्की रंगत वाली है तो गहरे रंग जैसे लाल या मरून आपके लिए सही रहेंगे। इस प्रकार इन पारंपरिक भारतीय कपड़ों को चुनकर आप अपनी शादी को यादगार बना सकती हैं और सबसे सुंदर दिख सकती हैं।

# कुर्ती को ट्राउजर के साथ पहनना चाहती हैं? इन तरीकों से करें स्टाइल

कुर्ती और ट्राउजर का मेल महिलाओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आरामदायक होता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। सही कुर्ती का चयन और उसे सही तरीके से पहनना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक खास लगे। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिससे आप अपनी कुर्ती को ट्राउजर के साथ खूबसूरती से पहन सकें और हर मौके पर आकर्षक दिखें।



### रंगों का मेल करें

कुर्ती और ट्राउजर का रंग मेल करना बहुत जरूरी है। अगर आपकी कुर्ती हल्के रंग की है तो उसे गहरे रंग के ट्राउजर के साथ पहनें। इससे आपका लुक संतुलित और आकर्षक लगेगा। उदाहरण के लिए सफेद या पीली कुर्ती के साथ नीले या भूरे रंग का ट्राउजर अच्छा लगता है।

### प्रिंट पर दें ध्यान

प्रिंट वाली कुर्ती और सादा ट्राउजर का मेल भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। अगर आपकी कुर्ती पर फूलों या ज्यामितीय आकृतियों का प्रिंट है तो उसे सादा ट्राउजर के साथ पहनें। इससे आपका लुक खास लगेगा और पहनने में आरामदायक भी महसूस होगा। प्रिंटेड कुर्ती के साथ सादा ट्राउजर पहनने से आपका लुक संतुलित और आकर्षक दिखेगा।

### फैशन एक्सेसरीज का सही उपयोग करें

फैशन एक्सेसरीज आपके लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। अगर आप साधारण कुर्ती पहन रही हैं तो उसमें थोड़ा बदलाव लाने के लिए बड़ी झुमकी या चेन पहन सकती हैं। इसके अलावा हाथों में कलाई घड़ी या कंगन भी अच्छे लगते हैं।

# हर महिला के पास होने चाहिए स्टाइलिश और बेस्ट इयररिंग्स

इयररिंग्स हर महिला के ज्वेलरी कलेक्शन का अहम हिस्सा हैं। ये न केवल आपके लुक को पूरा करते हैं, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखा सकते हैं। बाजार में कई तरह के इयररिंग्स उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ ऐसे होते हैं, जो हर मौके पर पहने जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको पांचे ऐसे इयररिंग्स के प्रकार बताएंगे, जो आपके हर पहनावे के साथ मेल खाएंगे और आपको त्योहारों समेत हर मौके पर खास दिखाएंगे।

**छोटे सुनहरे झुमके :** छोटे सुनहरे झुमके रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत काम आते हैं। ये झुमके आपको सादा लेकिन सुंदर लुक देते हैं। इन्हें आप ऑफिस या कॉलेज जाते समय पहन सकती हैं। इनकी खासियत यह है कि ये किसी भी



कपड़े के साथ आसानी से मेल खाते हैं और आपको एक बेहतरीन लुक देते हैं। सुनहरे रंग की चमक आपके चेहरे पर निखार लाती है, जिससे आप हर दिन खास महसूस करती हैं।

**बड़े ऑक्सीडाइज झुमके :** बड़े ऑक्सीडाइज झुमके किसी भी खास मौके पर पहनने के लिए बेहतरीन विकल्प होते हैं। ये झुमके पार्टी, शादी या किसी भी समारोह में आपका लुक खास बना सकते हैं। इनकी चमक और आकार उन्हें आकर्षक बनाते हैं, जिससे आप हर मौके पर अलग और सुंदर दिखती हैं। बड़े ऑक्सीडाइज झुमके आपके चेहरे को सुंदर लुक देते हैं और आपको एक शाही अंदाज देते हैं, जो हर किसी को प्रभावित करता है।

**मोती के झुमके :** मोती हमेशा से ही महिलाओं की पसंद रहे हैं। मोती के झुमके पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही रूपों में मिलते हैं, जो किसी भी अवसर पर पहने जा सकते हैं। ये झुमके न केवल सुंदर दिखते हैं बल्कि आपको एक शाही अंदाज भी देते हैं। मोती की चमक और उनका अनोखा डिजाइन आपके चेहरे पर निखार लाते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिखती हैं।

कार्नर न्यूज

## आपके व्यक्तित्व और रुचियों को भी दर्शाती हैं

# घर की सजावट के लिए खरीदें ये ऐसी बेहतरीन पेंटिंग्स, लगेंगी बहुत खूबसूरत, देंगी मानसिक शांति

पेंटिंग्स आपके घर की दीवारों की शोभा बढ़ाने का एक अनोखा तरीका होती हैं। ये आपके व्यक्तित्व और रुचियों को भी दर्शाती हैं। सही पेंटिंग्स चुनने से आपके घर का माहौल बदल सकता है और इसे और भी आकर्षक बना सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ बेहतरीन पेंटिंग्स के बारे में बताएंगे, जो आपके घर की सजावट को और भी खास बना सकती हैं और आपके जीवनशैली को एक नया आयाम दे सकती हैं।



### प्राकृतिक दृश्य

प्राकृतिक दृश्य वाली पेंटिंग्स आपके घर को एक ताजगी भरा माहौल देती हैं। पहाड़, नदियां, जंगल या समुद्र तट जैसे दृश्य आपके घर को शांत और सुकून भरा बना सकते हैं। इन पेंटिंग्स में हरे-भरे रंगों का उपयोग होता है, जो आंखों को सुकून देते हैं और मानसिक तनाव को कम करते हैं। इसके अलावा ये पेंटिंग्स आपको प्रकृति के करीब लाती हैं और आपके घर को एक प्राकृतिक स्पर्श देती हैं, जिससे वातावरण और भी खूबसूरत लगता है।

### कला और संस्कृति

अगर आप कला प्रेमी हैं तो कला और संस्कृति से जुड़ी पेंटिंग्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। ये पेंटिंग्स न केवल देखने में सुंदर लगती हैं बल्कि इनमें छिपी कहानियां भी होती हैं, जो आपको प्रेरित करती हैं। भारतीय कला जैसे मधुबनी, वारली या तंजोर पेंटिंग्स आपके घर की दीवारों को खास बना सकती हैं। इसके अलावा इन पेंटिंग्स में स्थानीय संस्कृति की झलक भी मिलती है, जिससे आपका घर एक अलग ही पहचान पाता है।

### आधुनिक कला

अगर आप आधुनिक डिजाइन पसंद करते हैं तो एब्स्ट्रैक्ट आर्ट या मिक्स मीडिया आर्ट आपकी पसंद बन सकती है। इन प्रकार की पेंटिंग्स में विभिन्न रंगों और आकारों का उपयोग होता है, जो आपके घर को एक नया लुक देते हैं। ये पेंटिंग्स न केवल देखने में आकर्षक लगती हैं बल्कि इनसे आपके कमरे का माहौल भी बदल जाता है। इनकी मदद से आप अपने घर में एक आधुनिक और चलन में स्पर्श ला सकते हैं।



### बुद्ध या भगवान की पेंटिंग्स

बुद्ध की पेंटिंग्स आपके घर को एक सांस्कृतिक स्पर्श देती हैं। ये पेंटिंग्स न केवल देखने में सुंदर लगती हैं बल्कि इनसे आध्यात्मिकता भी जाहिर होती हैं, जो आपको प्रेरित करती हैं। इन पेंटिंग्स की खासियत यह है कि ये स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को दर्शाती हैं, जिससे आपका घर एक अलग ही पहचान पाता है। इसके अलावा ये पेंटिंग्स आपके घर को एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आयाम देती हैं।

### व्यक्तिगत यादें

व्यक्तिगत यादों से जुड़ी पेंटिंग्स जैसे परिवार की तस्वीरें, यात्रा की यादें आदि आपके घर को खास बनाती हैं। इन पेंटिंग्स में आपके जीवन की अहम घटनाओं की झलक मिलती है, जिससे आपका घर और भी खूबसूरत लगता है। इन पेंटिंग्स से न केवल आपके घर की सजावट होती है बल्कि आपके परिवार की यादें भी ताजा रहती हैं। ये पेंटिंग्स आपके कमरे को एक भावनात्मक स्पर्श देती हैं, जिससे आपका घर एक अलग ही पहचान पाता है।